# तीन साल का बच्चा मिला एचएमपीवी से संक्रमित

हरिभूमि न्यूज/बिलासपुर। चीन के दहशत फैला चुके ह्यूमन मेटा न्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी का केस शहर में दर्ज किया गया है। वायरस से पीड़ित सवा 3 साल के बच्चे का अपोलो हास्पिटल में इलाज जारी है। बच्चे के परिजन कोरबा जिले में निवास करते शेष पेज 5 पर

### पहला केस

*बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में इस वायरस से पीड़ित होने का यह पहला केस है। भले ही शहर सहित जिले में इसके लक्षण दिखाई नहीं दिए हैं,* शेष पेज 5 पर


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 1 फरवरी 2025


फैक्ट फाइल

**प्रतिनियुक्ति पर पहुंचे सीजीएमएससी और करोड़ों की गड़बड़ी को अंजाम देने का आरोप**

## आधा दर्जन अफसर पूछताछ के दायरे में, गिरफ्तारी भी संभव

*छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन में मोक्षित कार्पोरेशन के साथ मिलकर 660 करोड़ के दवा घोटाले को अंजाम देने वाले आधा दर्जन अफसरों से पूछताछ की जा रही है। ईओडब्लू की पूछताछ में अगर उनकी संलिप्तता उजागर होती है, तो गिरफ्तारी भी संभव है। मोक्षित कार्पोरेशन का एमडी शशांक चोपड़ा पहले ही बंदी बनाया जा चुका है और अभी रिमांड पर उससे पूछताछ की जा रही है। मोक्षित कार्पोरेशन के साथ मिलकर जिन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है, उनमें ज्यादातर अधिकारी अलग-अलग विभाग से प्रतिनियुक्ति में सीजीएमएससी पहुंचे थे। ईओडब्लू ने इस मामले में राखी थाने में एफआईआर करवाई थी। 28 जनवरी को दुर्ग से शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया था* शेष पेज 5 पर

### इनसे हो रही पूछताछ

***मीनाक्षी गौतम** को हाल ही जीएम फाइनेंस पद से हटाया गया है। घटना के दौरान सीजीएमएससी के इस जिम्मेदार पद पर थीं। मामला सामने आने के बाद भी सप्लायर कंपनी को बड़ा भुगतान किए जाने के मामले में इनसे पूछताछ हो रही है।*

***बसंत कौशिक-** वर्तमान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन में सहायक नियंत्रक हैं। घोटाले के दौरान जीएम टेक्निकल की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। ठेका दिलाने टेंडर के नियमों में जोड़-तोड़ किए* शेष पेज 5 पर

**सीजीएमएससी से सांठगांठ, बिना प्रशासकीय स्वीकृति के तीन गुने खर्च पर तैयार किया सेटअप**

# मोक्षित का कारनामा...बिना जरूरत डीके में 96 लाख का क्लीनिक खोला, 7 साल से नहीं खुला जिसका ताला

**56 लाख का भुगतान के बाद जागा विभाग, क्लीनिक का ताला अब तक नहीं खुला**

विकास शर्मा ▶▶ रायपुर

660 करोड़ के रीएजेंट सहित अन्य उपकरणों की खरीदी के मास्टर माइंड मोक्षित कार्पोरेशन के संचालकों का एक और कारनामा सामने आया है। सात साल पहले डीके अस्पताल में बिना जरूरत के 96 लाख का डायबिटिक क्लीनिक तैयार किया था। बिना प्रशासकीय स्वीकृति के पूरा किए गए इस काम के लिए उसे 56 लाख का भुगतान भी हो गया। शेष पेज 5 पर




### 2.59 करोड़ का कार्डियक सेटअप भी

डीके अस्पताल में 2 करोड़ 59 लाख 60 हजार का कार्डियक सेटअप भी तैयार कराया गया था। पूर्व में हृदय संबंधी रोगों के इलाज की सुविधा डीके अस्पताल में देने की थी। इसके लिए करोड़ों के उपकरण भी खरीदे गए मगर बाद शेष पेज 5 पर

### कई तरह की अन्य योजना भी

डीके अस्पताल को सुपरस्पेशलिटी बनाने के लिए बेहद हाई-फाई योजना सीजीएमएससी के माध्यम से बनाई गई थी। इस योजना को पूरा करने के लिए पचास फीसदी काम मोक्षित के पास ही था। काम पूरा हुआ मगर आम मरीज के लिए कुछ योजनाएं ही फायदे की रही बाकी का लाभ दवा कार्पोरेशन के अधिकारियों सहित अन्य लोगों को हुआ।

### आंबेडकर अस्पताल में होता उपयोग

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता के मुताबिक मधुमेह रोगियों को नेत्र, नस, पैर, किडनी, हार्ट सहित विभिन्न अंगों में समस्या हो सकती है। डायबिटिक क्लीनिक के माध्यम से उन्हें तमाम तरह की परेशानियों के इलाज की सुविधा दी जाती है। इसमें किडनी को छोड़कर डीके अस्पताल में कोई दूसरा विभाग भी नहीं है। जानकार लोगों का कहना है कि डायबिटिक क्लीनिक आंबेडकर अस्पताल में उपयोगी होता मगर उसे डीके अस्पताल में बनवाया गया।

# रायपुर के कारोबारियों ने की सेंट्रल इंडिया की सबसे बड़ी टैक्स चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चावल कारोबारी, ब्रोकर तथा राइस मिलरों के यहां जारी तीन दिन की कार्रवाई में आठ सौ करोड़ रुपए टैक्स चोरी का मामला उजागर होने का दावा सूत्रों ने किया है। दावा यह भी है कि आईटी अफसरों ने सेंट्रल इंडिया में यह अब तक की सबसे बड़ी टैक्स चोरी पकड़ी है। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के साथ आंध्रप्रदेश में जिन 25 ठिकानों में छापे की कार्रवाई चल रही है, उनमें कई ठिकानों में छापे की कार्रवाई कंपलीट कर ली गई है।

- चावल कारोबारियों द्वारा 800 करोड़ रुपए टैक्स चोरी करने की आशंका

सूत्रों के मुताबिक आईटी की टीम ने कारोबारियों के अलग-अलग ठिकानों से अब तक नौ करोड़ रुपए शेष पेज 5 पर




### तीन हजार करोड़ का पक्के में कारोबार

*सूत्रों के मुताबिक सत्यम बालाजी जिनका ऑटोमोबाइल का भी कारोबार है तथा सांई हनुमंत इंडस्ट्रीज का साल में पक्के का क्रमशः दो हजार तथा एक हजार करोड़ रुपए का टर्न ओवर था। कारोबारियों के टर्न ओवर की जानकारी उनके यहां से जब्त दस्तावेजों के आधार पर जानकारी आईटी अफसरों को मिली है।*

### ब्रोकरों से मिली बड़ी जानकारी

*सूत्रों के मुताबिक आयकर अफसरों को कारोबारी समूह द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करने करने के दस्तावेज मिले हैं। जब्त इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को डी-कोड करने आयकर आईटी डिपार्टमेंट के साइबर एक्सपर्ट रायपुर के साथ अन्य जगहों पर पहुंचे हैं।*

# बजट से पहले पीएम मोदी का संकेत, देश के हर गरीब और मध्यम वर्ग पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे

*संसद का बजट सत्र शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अभिभाषण से शुरू हुआ। 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करेंगी। बजट में आम आदमी को राहत की उम्मीद है। इस बीच, बजट से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा संकेत दिया। मीडिया से बातचीत में पीएम ने कहा कि आम बजट में गरीब-मध्यम और महिलाओं के लिए नई पहल की घोषणा होने की संभावना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में आम बजट पेश होने से एक दिन पहले अपनी सरकार के दृष्टिकोण को सामने रखते हुए शुक्रवार को संकेत दिया कि इस दफा गरीबों और मध्यम वर्ग के साथ-साथ महिलाओं के लिए नई पहलों की घोषणा की जा सकती है। संसद के बजट सत्र के पहले दिन मोदी ने मीडिया को दिए अपने पारंपरिक संबोधन की शुरुआत धन और समृद्धि से जुड़ी देवी लक्ष्मी को प्रणाम करते हुए की शेष पेज 5 पर



### वित्त मंत्री आज रचेंगी इतिहास



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार 8वां बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाएंगी। सीतारमण पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा अलग-अलग समयावधि में पेश किए गए 10 बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच जाएंगी।

### राष्ट्रपति ने गरीबों की ओर खींचा ध्यान



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र में अपने संबोधन में गरीबों और मध्यम वर्ग पर केंद्र सरकार के ध्यान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, आज, राष्ट्र गरीबों, मध्यम वर्ग, युवाओं, महिलाओं और किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए असाधारण गति से लागू किए जा रहे प्रमुख निर्णयों और नीतियों का गवाह बन रहा है।

इधर, कड़वे बोल पर गुस्सा

### राष्ट्रपति 'बेचारी' थक गई थीं भाषण पढ़ते-पढ़ते

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को कहा कि वह अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी।

### भड़के पीएम मोदी, कहा-कांग्रेस के 'शाही परिवार' ने किया अपमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनिया गांधी की आलोचना की और कहा कि यह देश के जनजातीय समुदाय का अपमान है। मोदी ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सत्रों को संबोधित करते हुए 'बेहतरीन' भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का 'शाही परिवार' उनके अपमान पर उतर आया है।




# वीआईपी दर्शन पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मंदिरों में शुल्क लेकर वीआईपी दर्शन और कुछ खास वर्ग के लोगों को तरजीह देने की प्रथा पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा है कि इस बारे में समाज और मंदिर प्रशासन को निर्णय लेना है,



अदालत इसमें कुछ नहीं कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि 'हालांकि हमारी राय हो सकती है कि मंदिरों में वीआईपी दर्शन नहीं होने चाहिए। दर्शन के लिए किसी को विशेष सुविधाएं नहीं जानी चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि यह संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस अदालत को अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने के लिए उपयुक्त मामला है। पीठ ने अतिरिक्त शुल्क लेकर मंदिरों में वीआईपी दर्शन कराने, एक खास वर्ग के लोगों को तरजीही और विशेष सुविधाएं देने की प्रथा पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इंकार करते हुए यह टिप्पणी की है। हालांकि पीठ ने साफ कर दिया है कि इस याचिका को खारिज करने से किसी भी सक्षम प्राधिकारों को उनकी आवश्यकता के अनुसार मामले में कार्रवाई करने से नहीं रोका जाएगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू का संसद में अभिभाषण

# 'तीन गुना तेजी से काम कर रही सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा विकास'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। राष्ट्रपति ने शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार अपनी नीतियों और फैसलों को तीन गुना तेजी से लागू कर रही है। राष्ट्रपति ने महिलाओं, किसानों और युवाओं को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सबका साथ-सबका विकास ही सरकार का मूल मंत्र है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जाए। पीएम आवास योजना, किसान सम्मान निधि और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने देश के विकास में अहम भूमिका निभाई है।

आपको बता दें, 18वीं लोकसभा का पहला बजट सेशन है, इसकी शुरुआत सुबह 11 बजे राष्ट्रपति के अभिभाषण से हुई। राष्ट्रपति मुर्मू ने भाषण की शुरुआत में महाकुंभ हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, देश इस समय महाकुंभ के पावन अवसर का गवाह बन रहा है, लेकिन इस दौरान जो दुर्घटना हुई, वह बेहद दुखद है।

### कैंसर दवाओं पर कस्टम ड्यूटी खत्म, मरीजों को राहत



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद में अपने अभिभाषण में कैंसर मरीजों के लिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि कैंसर की दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है। इससे मरीजों को किफायती इलाज मिल सकेगा। सर्वाइकल कैंसर के लिए 9 करोड़ महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार जितना ध्यान भौतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर दे रही है, उतना ही सामाजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी दे रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से परिवारों पर आर्थिक बोझ कम हुआ है। देशभर में 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं।

### मेट्रो नेटवर्क में भारत बना तीसरा सबसे बड़ा देश

राष्ट्रपति ने कहा कि मेट्रो नेटवर्क के मामले में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया गया है, जिससे पर्यावरण को फायदा होगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। सरकार ने 15 रोपवे प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है। 2014 में दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क सिर्फ 200 किलोमीटर था, लेकिन अब यह दोगुने से ज्यादा हो गया है।

### बुनियादी ढांचे के बजट में पांच गुना इजाफा

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाता है। सरकार ने बीते 10 वर्षों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। 10 साल पहले बुनियादी ढांचे का बजट 2 लाख करोड़ रुपये था, जो अब 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। डीप वाटर मेगा पोर्ट की नींव रखी गई है, जो दुनिया के टॉप 10 पोर्ट्स में से एक होगा।

### यूपीआई बना ग्लोबल मॉडल

राष्ट्रपति ने बताया कि भारत अब टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बन गया है। 5G नेटवर्क की सफलता इसका बड़ा उदाहरण है। यूपीआई ट्रांजैक्शन में भारत ने दुनिया में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आज देश में 50% से ज्यादा रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन हो रहे हैं।

### 6 फरवरी तक चलेगी संसद की कार्यवाही

बजट सेशन का पहला चरण 6 फरवरी तक चलेगा। 2 फरवरी को रविवार होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं होगी। 3 फरवरी से 6 फरवरी तक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा होगी। 6 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में चर्चा का जवाब दे सकते हैं। इस दौरान कई महत्वपूर्ण नीतिगत विषयों पर बहस होगी, जिससे आगामी सरकार की प्राथमिकताओं का संकेत मिलेगा।

## दिल्ली चुनाव से पहले केजरीवाल को बड़ा झटका

# टिकट कटने से नाराज आप के सात विधायकों ने छोड़ी पार्टी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सात विधायकों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इन विधायकों में त्रिलोकपुरी से विधायक रोहित, जनकपुरी से विधायक राजेश ऋषि, कस्तूरबा नगर से मदन लाल, पालम से विधायक भावना गौर शामिल हैं। इस्तीफा देने वाले विधायकों में विधायक नरेश यादव, विधायक पवन शर्मा और विधायक गिरीश सोनी भी शामिल हैं। इन सभी विधायकों को आम आदमी पार्टी ने मौजूदा विधानसभा चुनाव में टिकट



नहीं दिया है। पार्टी छोड़ने की जानकारी सभी विधायकों ने खुद ट्वीट कर दी है। जिसके बाद आप में हड़कंप मच गया है। महरौली विधानसभा सीट से विधायक नरेश यादव ने अपने इस्तीफे में लिखा कि आप करप्शन के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए सत्ता में आई थी,लेकिन मैं बहुत दुखी हूं कि यह पार्टी बिल्कुल भी भ्रष्टाचार कम नहीं कर पाई। बल्कि आम आदमी पार्टी खुद इस भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है।

### दीक्षित ने साधा केजरीवाल पर निशाना



दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता और नई दिल्ली विधानसभा से उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ खुली बहस की चुनौती स्वीकार नहीं की क्योंकि उनमें दिल्ली से जुड़े सवालों का जवाब देने की हिम्मत नहीं है। दीक्षित ने केजरीवाल को शुक्रवार दोपहर दो बजे जंतर-मंतर पहुंचकर बहस करने की चुनौती थी। उन्होंने इसके लिए जंतर-मंजर पर मंच भी बनाया था। 'तय समय से 45 मिनट तक इंतजार करने के बावजूद केजरीवाल नहीं पहुंचे। उनमें सवालों का जवाब देने का हिम्मत नहीं दिखाकर यह बताया है कि अभी आपकी जमानत जब्त हो गई है, चुनाव में देखते हैं क्या होता है।'

# सैफ अटैक : आरोपी का चेहरा सीसीटीवी फुटेज से हुआ मैच

एजेंसी ▶▶| मुंबई



बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम का चेहरा सीसीटीवी फुटेज और वीडियो से मैच हो गया है। पुलिस ने एफएसएल अधिकारियों की मदद से आरोपी के चेहरे की पहचान सीसीटीवी फुटेज से की है। बता दें, इससे पहले हमले के आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद के बांग्लादेशी होने के सबूत भी मिले थे। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को उसका बांग्लादेशी आईडी कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। इसमें उसका नाम शरीफुल इस्लाम लिखा हुआ है। उसके पिता का नाम मोहम्मद रुहुल अमीन है। उसकी उम्र 31 साल दर्ज है।

### 16 जनवरी को हुआ था अटैक

बता दें कि 16 जनवरी की रात सैफ अली खान के घर पर चोर ने घुसकर उन पर हमला किया था। चोर ने जेह के कमरे में सैफ पर चाकू से 6 बार वार किए थे। सैफ को तुरंत लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी सर्जरी हुई। एक्टर की रीढ़ की हड्डी से हथियार का 2.5 इंच का टुकड़ा निकाला गया था।

# अमेरिकी हवाई हमले में अल-कायदा आतंकी ढेर

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी सेना ने गुरुवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हवाई हमले में अल-कायदा से जुड़े एक आतंकवादी समूह के एक सीनियर मेंबर को मार गिराया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि यह हवाई हमला, क्षेत्र में आतंकवादी समूहों को रोकने और उन्हें कमजोर करने के लिए चल रहे प्रयास का हिस्सा था, जिसके परिणामस्वरूप हुर्रे अल-दीन समूह के मुहम्मद सलाह अल-जबीर की मौत हो गई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल एरिक कुरिल्ला ने कहा, 'यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड, उन आतंकवादियों को मारना या पकड़ना जारी रखेगा, जो अमेरिका और उसके सहयोगियों पर हमला करने की साजिश रचते हैं।'

■ उत्तर-पश्चिमी सीरिया में एक्शन

### हमास ने की डेफ के मौत की पुष्टि

हमास ने अपने सैन्य कमांडर मोहम्मद डेफ की मौत की पुष्टि कर दी है। पिछले साल अगस्त में इजरायल ने दावा किया था कि उसने मोहम्मद डेफ को मार गिराया है, लेकिन हमास ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की थी। हमास ने उप सैन्य कमांडर मारवान इस्सा की भी मौत की घोषणा की है।

# उद्योगपति मस्क नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क को 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। मस्क को उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत के लिए नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। यूरोपीय सांसद के सदस्य ब्रैंको ग्रिम्स ने उन्हें यह पुरस्कार देने की वकालत की है। यूरोपीय संसद के सदस्य ब्रैंको ग्रिम्स ने कहा कि टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने की याचिका नॉर्वेजियन नोबेल समिति को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि यह नामांकन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांति के मौलिक मानव अधिकार में मस्क के योगदान को मान्यता देने के लिए है।



### नोबेल पुरस्कार की चयन प्रक्रिया

नोबेल शांति पुरस्कार की चयन प्रक्रिया काफी कड़ी और विस्तृत होती है। इसके लिए नॉमिनेशन की आखिरी तारीख 31 जनवरी होती है और इसकी शुरुआत आमतौर पर अक्टूबर के मध्य से होती है। समय सीमा के बाद, मूल्यांकन के लिए इन नामांकन को फरवरी के मध्य में नोबेल समिति को सौंप दिया जाता है।



रायपुर, शनिवार 1 फरवरी 2025 | माघ शुक्ल पक्ष तृतीया | वर्ष : 23, अंक : 196 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## बसना में बीजेपी प्रत्याशी डॉ. खुशबू निर्विरोध



महासमुंद के बसना नगर पंचायत मे बीजेपी की जीत पक्की हो चुकी है। यहां भाजपा प्रत्याशी डॉ. खुशबु अग्रवाल बसना नगर पंचायत की अध्यक्ष निर्विरोध चुनी गई। यहां अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सहित कई लोगों ने नामांकन दाखिल किया था। जिसके बाद यहां कांग्रेस प्रत्याशी सहित अन्य प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। कांग्रेस प्रत्याशी तुलसी गौतम बंजारा, आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आमरीन गीगानी सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया।

# सत्ता जाते ही कांग्रेस को करंट, धमतरी में दौड़ से बाहर, बसना में बीजेपी निर्विरोध, दर्जनों पार्षद चुने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

नगरीय निकाय चुनाव में शुक्रवार तक नामांकन प्रक्रिया कई स्थानों पर पूर्ण हो चुकी है। जिसमें कांग्रेस को अभी लगातार झटके मिले हैं। एक ओर जहां धमतरी में इनके महापौर प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया है। विकल्प के तौर जिसे उम्मीदवार बनाया उसे आखिरी दिन बी फार्म भी नहीं दे पाई। इस तरह धमतरी में कांग्रेस मैदान में ही नहीं रही। वहीं, दूसरी ओर महासमुंद के बसना नगर पंचायत में बीजेपी प्रत्याशी निर्विरोध चुनकर आ चुकी है। साथ ही कई जगह कांग्रेस के पार्षद पद प्रत्याशियों ने मैदान छोड़ दिया है।

सबसे बड़ा उलटफेर धमतरी में हुआ। धमतरी नगर निगम महापौर चुनाव में कांग्रेस बैकफुट में आ गई है। कांग्रेस प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन निरस्त होने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी विहीन हो गई है। तिलकराज सोनकर को कांग्रेस ने बी फार्म ही नहीं दिया। हालांकि गलती सुधारने के लिए कांग्रेस निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन देने के लिए रणनीति तैयार कर रही है। इसके लिए कांग्रेस भवन में बैठक का दौर भी जारी है। उधर भाजपा प्रत्याशी रामू रोहरा जोश के साथ चुनाव ▶▶|शेष पेज 5 पर

- धमतरी में कांग्रेस मैदान से बाहर, कई जगह कांग्रेसियों ने मैदान छोड़ा
- बसना नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुनी गईं


निगम चुनाव

कांग्रेस को झटका, धमतरी के मेयर प्रत्याशी का पर्चा रद्द

कांग्रेस पार्टी में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

## इधर, भिलाई के वार्ड-35 का उपचुनाव स्थगित उधर, भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित



भिलाई नगर निगम के वार्ड क्रमांक 35 में हो रहे उपचुनाव में नाटकीय घटनाक्रम हो गया। यहां के कांग्रेस प्रत्याशी मनोज सिन्हा ने अपना नामांकन वापस लेकर कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका दे दिया। इससे इस वार्ड के भाजपा प्रत्याशी चंदन यादव निर्विरोध निर्वाचित हो गए। वहीं, देर रात को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वार्ड क्रमांक 35 के बर्खास्त पार्षद मोहम्मद सलमान के पत्र के आधार पर चुनाव पर रोक लगा दी गई है। सलमान ने अपने बर्खास्तगी को लेकर हाईकोर्ट बिलासपुर में यह याचिका लगाई ▶▶|शेष पेज 5 पर



## रायगढ़ में दो वार्ड में भाजपा पार्षद निर्विरोध

रायगढ़ नगर निगम चुनाव में अब तक भाजपा के दो प्रत्याशी पूनम सोलंकी वार्ड 18 और नारायण पटेल वार्ड 45 निर्विरोध पार्षद चुने जा चुके हैं। वहीं, सुकमा जिले को कोंटा नगर पंचायत के वार्ड नं 13 से भाजपा प्रत्याशी पी विजय भी निर्विरोध चुने गए हैं। यहां भी कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस लिया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 2 निर्दलीय प्रत्याशी सोली फ़िलिप अध्यक्ष प्रत्याशी माड़वी प्रमिला वार्ड नं 9 मडकम मंजू वार्ड नं 12 से माड़वी गंगा ने अपना नामांकन वापस लेने के लिए आवेदन दिया है। अब यहां दोरनापाल के सभी 15 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस आमने सामने होंगे।

## गरियाबंद के फिंगेश्वर, रायगढ़ और सुकमा में भी कांग्रेस प्रत्याशी पीछे हटे

चुनाव से पहले फिंगेश्वर नगर पंचायत में भी कांग्रेस को बड़ा झटका है। यहां फिंगेश्वर में वार्ड नंबर 6 के कांग्रेस प्रत्याशी श्यामाचरण निषाद ने अपना नाम वापस ले लिया है। जिसके बाद यहां भाजपा के प्रत्याशी दीपक श्रीवास निर्विरोध हो चुके हैं। इसी तरह रायगढ़ में भाजपा के दो वार्ड 18 और वार्ड 45 के पार्षद प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। यहां वार्ड नंबर 45 से भाजपा प्रत्याशी नारायण पटेल निर्विरोध पार्षद निर्वाचित हुए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी खीरी लाल सिंह ने अपना नामांकन वापस लिया है। इससे पहले वार्ड नंबर 18 में भी कांग्रेस प्रत्याशी शीला साहू ने नामांकन वापस लिया था, जिससे भाजपा की पूनम सोलंकी निर्विरोध निर्वाचित हुईं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फरवरी माह अधिक गर्म शुष्क रहने की संभावना



**नई दिल्ली।** जनवरी में गर्म और शुष्क मौसम के बाद फरवरी में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और सामान्य से कम बारिश होने की आशंका है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि फरवरी में बारिश दीर्घावधि औसत (1971-2020) 22.7 मिमी के 81 प्रतिशत से कम होने की आशंका है।

### जिला न्यायपालिका मामले में आज राष्ट्रीय सम्मेलन



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट जिला न्यायपालिका से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक फरवरी को एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। सम्मेलन में चार तकनीकी सत्र होंगे। पहले सत्र की अध्यक्षता भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना करेंगे। इसमें 2024 के लिए तैयार नीति एवं कार्य योजना के कार्यान्वयन पर भी चर्चा होगी।

### पुंछ में मार गिराए लश्कर के दो आतंकी



**जम्मू।** सेना ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के रास्ते घुसपैठ करने की एक कोशिश को नाकाम कर दिया। भारी हथियारों के साथ सीमा पार करने का प्रयास कर रहे लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को मार गिराया। यह घटना पुंछ जिले के खारी करमारा इलाके में हुई। दोपहर बाद व्यापक तलाशी अभियान जारी था।

### सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव के चलते संगठन ने सेंट्रल कमेटी में किया फेरबदल

# बड़ी खबरः नक्सल लीडर हिड़मा हटाया गया, सेंट्रल कमेटी में झारखंड के पतिराम मांझी को मिली जगह?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर में नक्सलियों को लगातार मिल रही नाकामयाबी व मुठभेड़ में मारे जा रहे इनामी नक्सलियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नक्सल संगठन द्वारा सेंट्रल कमेटी में बदलाव किए जाने की खबर है। कुछ माह पूर्व नक्सलियों की मिलिट्री बटालियन नम्बर एक के चीफ माड़वी हिड़मा को सेंट्रल कमेटी में शामिल किए जाने की खबर के बीच वर्तमान में हिड़मा की जगह सेट्रल कमेटी में झारखण्ड के खूंखार नक्सली 1 करोड़ के इनामी पतिराम मांझी को शामिल किए जाने की खबर है।

गौरतलब है कि पिछले 13 माह में बस्तर संभाग के अलग अलग जिलों में सुरक्षाबलों ने सवा 2 सौ से अधिक करोड़ों रुपए के इनामी नक्सलियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों द्वारा लगातार नक्सलियों के कोर इलाके में घुसकर आपरेशन चलाया जा रहा है और नक्सलियों को उनके आधार इलाकों से खदेड़ा जा रहा है। फोर्स को लगातार मिल रही सफलताओं से बस्तर में नक्सलवाद की जड़ें कमजोर होने लगी हैं। जिसे देखते हुए सेंट्रल कमेटी में बदलाव की खबर है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सल मुक्त भारत के लिए मार्च 2026 की समय ▶▶|शेष पेज 5 पर

## खूंखार नक्सली माड़वी हिड़मा आधा करोड़ तो पतिराम मांझी पर 1 करोड़ का इनाम

### झूठी खबर फैलाई जा रही

बस्तर में वर्तमान में जिस तरह पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुये पूर्ण समर्पित भाव से नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और उन्हें सफलता भी मिल रही है। माओवादी संगठन द्वारा क्षेत्र की जनता को दिग्भ्रमित करने कई प्रयोग किये जा रहे हैं बावजूद सभी हथकंडे नाकाम साबित हो रहा है। केन्द्रीय गृहमंत्री के ऐलान के बाद जल्द ही बस्तर नक्सल आतंक से मुक्त होगा। लगातार मिल रही असफलता के बीच माओवादी संगठन द्वारा हाल ही में अपने कैडर का मनोबल को बढ़ाने की असफल प्रयास करते हुए पुजारी कांकेर-तुमरेल में 6 पुलिस जवानों के शहीद होने का झूठी खबर जारी किया गया था, जबकि इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के किसी भी जवान की शहादत नहीं हुई थी।



### बाहरी व लोकल कैडर के बीच मनमुटाव की खबर

नक्सल संगठन में बदलाव देखने को मिल रहा है, इसकी मूल वजह बाहरी व लोकल कैडर के बीच मनमुटाव को बताया जा रहा है। यही वजह है कि संगठन में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। विगत 4-5 दशक से बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विश्वास का दुश्मन बना नक्सल संगठन अपना अंतिम सांस ले रहा है।

**- सुंदरराज पी,** आईजी बस्तर

### बस्तर में कई बड़ी घटनाओं का मास्टर माइंड हिड़मा

माड़वी हिडमा केंद्रीय समिति को प्रभावित करने वाली प्रमुख आवाजों में से एक था। इस दौरान उसने कई बड़ी नक्सल वारदातों को अंजाम दिया, जिसमें दर्जनों जवानों की शहादत हुई थी, इसे देखते हुए वर्ष 2017 के सुकमा हमले के बाद उसे पदोन्नत करते हुए बहुत महत्वपूर्ण पद पर रखा गया था, लेकिन इसके बाद उसे वर्ष 2024 में सेंट्रल कमेटी में शामिल किए जाने और वर्ष 2025 के पहले माह में ही उसे हटाए जाने की बात सामने आ रही है। बस्तर में लगातार सुरक्षाबलों को मिल रही कामयाबी व संगठन के हो रहे नुकसान को देखते हुए केंद्रीय समिति के साथ-साथ पूर्वी ब्यूरो में भी बदलाव की भी खबर है।

### सेंट्रल कमेटी के टॉप टेन लीडरों में पतिराम सबसे यंग

जानकारी के मुताबिक हाल ही में सेट्रंल कमेटी में शामिल होने के बाद बाहर निकाले गए माड़वी हिड़मा की उम्र सेंट्रल कमेटी में सबसे कम मानी जा रही थी, लेकिन माड़वी हिड़मा को निकालने के बाद अब सबसे कम लगभग 54 वर्ष झारखण्ड के खूंखार नक्सली पतिराम मांझी उर्फ अनल दा उर्फ गोपाल दा उर्फ रमेश उर्फ नीरज निवासी गिरीडीह जिले के डरहा गांव को माना जा रहा है। माओवादियों की केंद्रीय सैन्य समिति में 70 वर्ष से अधिक आयु के सदस्य शामिल हैं, इससे पूर्व तक सबसे कम उम्र का सदस्य 71 वर्ष का रहा है। सेंट्रल कमेटी के अधिकांश मेंबर वर्तमान में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं, इनमें मिशिर बेसरा, गणपति, चंद्री जैसे नेता शामिल हैं, लेकिन पतिराम मांझी को सेंट्रल कमेटी में शामिल किए जाने के बाद सबसे यंग मेंबर इसे ही माना जा रहा है।

## प्रेमिका से ब्रेकअप, युवक ने चित्रकोट में लगा दी छलांग




- नारायणपुर के कन्हारगांव के युवक की मछुआरों ने बचाई जान, परिजनों को बुलाकर किया सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले के कन्हारगांव से चित्रकोट जलप्रपात पहुंचे युवक ने सुसाइड करने का प्रयास किया लेकिन उसे बचा लिया गया। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। युवक का पास ही के गांव की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन कुछ समय पहले उनके बीच ब्रेकअप होने के बाद युवक आत्महत्या करने पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक छलांग लगाने ▶▶|शेष पेज 5 पर

### प्रेमिका को किया था कॉल

युवक ने पुलिस को बताया कि आत्महत्या से पूर्व उसने अपनी प्रेमिका को कॉल करने बात की लेकिन उसने शादी से इंकार कर दिया, जिसके तत्काल बाद उसने जान देने के लिए जलप्रपात से कूद गया।

**विशेष विमान से जाएंगे, उसी दिन वापसी**

## 13 को कुंभ में डुबकी लगाने जाएगा साय मंत्रिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रयागराज में चल रहे कुंभ में जाने की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल की तैयारी हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए 11 फरवरी को मतदान होगा। इसके बाद 13 फरवरी को यहां से साय मंत्रिमंडल विशेष विमान से कुंभ में डुबकी लगाने जाएगा। वहां से उसी दिन रात तक वापसी होगी। 15 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना होगी। ऐसे में एक दिन पहले सभी मंत्री अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में भी जाएंगे। इसके पहले साय ▶▶|शेष पेज 5 पर



## वाहन चेकिंग के दौरान कार से मिली 212 किलो चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरिया

सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुलिस ने 30 जनवरी को कंचनपुर बेरियर के पास वाहनों की जांच के दौरान एक कार से एक करोड़ 91 लाख रुपए कीमत के चांदी के जेवर, चांदी की सिल्ली जब्त किया है। आरोपी पुलिस को जब्त चांदी का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। जानकारी के अनुसार सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों को त्रिस्तरीय चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग एवं अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों ▶▶|शेष पेज 5 पर



- बिना वैध दस्तावेज के जेवर एवं चांदी की सिल्ली जब्त, जब्त चांदी की कीमत 1 करोड़ 91 लाख




## छत्तीसगढ़ को मिल सकता है नया डीजी, अरुण देव रेस में आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ को जल्द ही नया पुलिस महानिदेशक मिल सकता है। दरअसल मौजूदा डीजीपी अशोक जुनेजा का संविदा पर दूसरा कार्यकाल 3 फरवरी को समाप्त हो रहा है। अब तक उन्हें तीसरा एक्सटेंशन देने की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है। ऐसे माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ को नया डीजीपी मिल सकता है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार नए डीजी पद की रेस में सबसे आगे अरुणदेव गौतम का नाम चल रहा है।

- राजेश मिश्रा का कार्यकाल समाप्त

उल्लेखनीय है कि नए डीजीपी चयन के लिए राज्य शासन द्वारा करीब एक माह पूर्व तीन अधिकारियों के ▶▶|शेष पेज 5 पर

**तीसरी बार एक्सटेंशन के लिए अब तक प्रस्ताव नहीं**



अशोक जुनेजा | अरुण देव गौतम | पवन देव | जीपी सिंह

### जुनेजा के एक्सटेंशन की संभावना कम

राज्य के मौजूदा डीजीपी अशोक जुनेजा राज्य में उन अधिकारियों में शामिल रहे हैं, जिन्हें पुलिस महानिदेशक के रूप में लंबे समय तक काम करने का मौका मिला है। वे 11 नवंबर 2021 को डीजीपी नियुक्त किए गए। 5 अगस्त 2022 को उन्हें पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्त किया गया। 4 अगस्त 2024 को उनका रिटायरमेंट था। उससे एक दिन पहले छह महीने का एक्सटेंशन दिया ▶▶|शेष पेज 5 पर

### कैट के कड़े पत्र के बाद जीपी की पदोन्नति की प्रक्रिया तेज

केंद्र को भेजे गए पैनल में तीन आईपीएस के नाम हैं, अरुणदेव गौतम, पवन देव और हिमांशु गुप्ता। बैच के हिसाब से जीपी सिंह हिमांशु गुप्ता से वरिष्ठ हैं। उनका नाम पैनल में नहीं है। नियमानुसार तीन नामों का ही पैनल भेजा जा सकता है। उन्हीं में से किसी एक को डीजीपी बनाया जाता है। बहाली के बाद जीपी सिंह ▶▶|शेष पेज 5 पर





ग्रामीण/शहरी
रणभूमि

## भाजपा के दबाव में निरस्त हुआ कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन : सुशील आनंद




कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन साजिशपूर्वक तथा सत्तारूढ़ दल भाजपा के दबाव में निरस्त किया गया है। कांग्रेस के घोषित उम्मीदवार नगर निगम के ठेकेदार नहीं है। उन्होंने जो नगर निगम में दो वर्ष पहले काम किया था उसकी पूर्णता का सर्टिफिकेट उनके पास है। नगर निगम ने उनको चुनाव लड़ने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया था।



## फार्म गलत भरेंगे तो रद्द होगा ही, कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा: किरण देव

छत्तीसगढ़ के धमतरी में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने के पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि, कांग्रेस लोकतंत्र पर कितना विश्वास करती है पूरा देश जानता है। फॉर्म गलत भरेंगे गलत जानकारी देंगे तो फॉर्म रिजेक्ट ही होगा। कांग्रेस के पास कोई मुद्दे नहीं है इसलिए अब इसमें राजनीति करेगी।



### राजनांदगांव

राजनांदगांव। नगर निगम चुनाव की सरगर्मी प्रारंभ हो चुकी है। भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीय महापौर के प्रत्याशियों ने तूफानी जनसंपर्क शुरू कर दिया है। सुबह से शाम तक बाजे-गाजे के साथ हाथ जोड़कर वार्ड मोहल्लों में घूम-घूमकर जनता से आशीर्वाद लेने कड़ी मेहनत कर रहे हैं। एक दिन में लगभग पांच वार्डों में जनसंपर्क करने का लक्ष्य लेकर लोगों से मेल-मुलाकात करने जुटे हुए हैं।

आमने सामने

# राजनांदगांव नगर निगम चुनाव में अनुभवी भाजपा के मेयर और कांग्रेस के युवा प्रत्याशी के बीच है टक्कर

## अनुभव से शहर के विकास रथ को आगे बढ़ाएंगे

भाजपा सरकार में हर कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ होता है। वे जनता के बीच इस चुनाव में शहर के प्रमुख मुद्दों को लेकर पहुंच रहे हैं। जिसमें मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शहर के बढ़ते दायरे को देखते हुए सुविधाओं की व्यवस्था, सफाई, पेयजल सहित शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने के लिए तत्पर रहेंगे। उनके पास शहर के विकास कार्यों के लिए पूरा खाका तैयार है, जिसे व्यवस्थित रूप से निर्धारित समय पर किए जाने की मंशा रखते हैं।



मधुसूदन यादव
महापौर भाजपा प्रत्याशी

### ट्रिपल इंजन सरकार से होगा विकास

केन्द्र व प्रदेश में भाजपा सरकार है। निगम में भी भाजपा सत्तासीन होती है तो ट्रिपल इंजन की सरकार लगातार विकास एवं जनता को सुविधाएं मुहैया कराने सक्षम होगी। उन्हें पूर्व में 20 वर्षों का अनुभव भी रहा है। जिससे शहर के विकास रथ को आगे बढ़ाने किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। पार्टी ने उन्हें काफी विश्वास करके जनता की मांग पर प्रत्याशी बनाया है, उन्हें उम्मीद है कि जनता अपना आशीर्वाद प्रदान करेगी।

## मुलभूत सुविधाएं मुहैया कराना प्रमुख विजन

चुनाव में प्रमुख मुद्दा नगर निगम का राजस्व बढ़ाने कार्ययोजना बनाना, दुकानें व्यवस्थित कराना, शहर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने, शहर के गांधी सभागृह में उच्च शिक्षा से संबंधित विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था कराना, वाटर वर्क्स में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था, शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने निरंतर प्रयास किए जाने, धूल मुक्त करने, बिजली, पानी एवं स्वास्थ्य संबंधित विषयों पर संवेदनशीलता से काम करते जनहित में कार्य करने की इच्छा है।



निखिल द्विवेदी
कांग्रेस महापौर प्रत्याशी

### भ्रष्टाचार मुक्त होगा निगम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने महापौर पद के लिए युवा चेहरे को अपना प्रत्याशी बनाया है। जनता का भी बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। उनके मुकाबले वर्तमान में भाजपा से जो प्रत्याशी हैं, वे निगम में दो बार सत्ता पर रहे इस दौरान भ्रष्टाचार चरम पर रहा। उन्हें मौका मिला तो वे भ्रष्टाचार मुक्त कार्य कर जनता को बेहतर सुविधाएं दिलाने प्रयास करेंगे।

### रोचक खबरें

## वार्ड उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

### एक और कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी ने छोड़ा मैदान विधायक रिकेश सेन की मौजूदगी में भाजपा प्रवेश

नगर पालिक निगम भिलाई के दो वार्डों में उप चुनाव हो रहे हैं। कांग्रेस भाजपा प्रत्याशी प्रचार में ही लगे थे, तभी आज वार्ड 35 के कांग्रेस प्रत्याशी मनोज सिन्हा ने अपना नामांकन वापस ले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका दे दिया है। इस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी चंदन यादव निर्विरोध पार्षद निर्वाचित हो गए हैं। कल ही दुर्ग नगर निगम में कांग्रेस की वार्ड पार्षद प्रत्याशी मीरा सिंह के नाम वापस ले लेने से भाजपा की विद्यावती सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। आज वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, मंडल अध्यक्ष तरूण सिंह ने गमछा पहना कर मनोज सिन्हा को भाजपा प्रवेश करवाया है। भिलाई नगर निगम के वार्ड 35 शारदा पारा में उप चुनाव हो रहा है। इसके लिए यहां भाजपा ने चंदन यादव तो कांग्रेस ने मनोज सिन्हा को प्रत्याशी घोषित किया था। दोनों ने नामांकन दाखिल करने के साथ चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन आज नाम वापसी के समय सीमा से पहले कांग्रेस प्रत्याशी मनोज सिन्हा ने अपना नाम वापस ले लिया। इसके साथ ही मनोज सिन्हा ने विधायक रिकेश सेन और भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन से मिलकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में प्रचार करने के दौरान मनोज सिन्हा को वार्ड के मतदाताओं से भाजपा को खुला समर्थन देने की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने चुनाव मैदान से हटकर भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया।

### पूर्व सभापति अरोरा की रणनीति आई काम

वार्ड-35 शारदा पारा के उपचुनाव में नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा की विशेष सक्रियता रही। चुनावी घोषणा के साथ ही अरोरा भाजपा कार्यकर्ता चंदन यादव को पार्षद बनाने जुट गए थे। उन्होंने पूरी कमान विधायक रिकेश सेन की अगवाई में अपने पास रखकर तैयारी की। परिणाम स्वरूप कांग्रेस को प्रत्याशी घोषणा के बाद जबर्दस्त झटका लगा। निर्विरोध भाजपा प्रत्याशी निर्वाचन का रास्ता साफ हुआ।

## सुकमा में बागियों ने बिगाड़ा भाजपा का गणित, त्रिकोणीय हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



### 15 वार्डों में 17 निर्दलीय उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव

नाम वापसी के अंतिम दिन सुकमा नगर पालिका से 7 पार्षद प्रत्याशी और दोरनापाल से 3 पार्षद व 1 अध्यक्ष प्रत्याशी ने नाम वापस लिया है। इस तरह सुकमा नगर पालिका में पार्षद के लिए 47, अध्यक्ष के लिए 4 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं दोरनापाल नगर पंचायत में 31 उम्मीदवार पार्षद के हैं। वहीं 2 अध्यक्ष के प्रत्याशी है। सुकमा नगर पालिका चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है। बागियों की दावेदारी से भाजपा नेताओं की नींद उड़ गई है। मान-मानौव्वल के बाद भी बागी नाम वापस लेने को तैयार नहीं है। सत्ता का हवाला देकर 15 में से महज 4 प्रत्याशियों का ही नाम वापस कराया गया।

निकाय चुनाव में टिकट वितरण से नाराज होकर भाजपा से दो दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भाजपा पार्टी से बगावत कर मनोज देव के समर्थकों ने अपना पैनल उतारा है। जिससे चुनाव अब त्रिकोणीय हो गया है। भाजपा-कांग्रेस के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी मजबूती से टक्कर दे रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में करीब 7-8 वार्डों में भाजपा की मजबूत पकड़ है, यहां से बागी प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इन वार्डों में भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी होने का डर पार्टी को सता रहा है।

### मान मनौव्वल में जुटे भाजपाई

बागी प्रत्याशियों को मनाने पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुट गए हैं। शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 6 की निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी को मनाने भाजपा कार्यकर्ता राजेन्द्र जैन घर पहुंचे। सत्ता का डर के साथ प्रलोभन देने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। जिसके बाद नगर में यह वीडियो चर्चा का विषय बन गया। भाजपा से बागी बने पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज देव ने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशियों को जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है। सत्ता का भय दिखाकर भाजपा नेताओं ने 3-4 निर्दलीय उम्मीदवारों के नाम वापसी कराने में सफल हुए है लेकिन जनता का समर्थन हमे मिल रहा है। इधर एआईएसएफ के नेता राजेश नाग ने भाजपा नेताओं पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

## गांव में पंच बनना राजनीति में होता है पहला कदम

# एक तरफ एक-एक पद के लिए मारामारी, दूसरी ओर सैकड़ों पंचायतें जहां पंच-सरपंच का नामांकन नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय चल रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गांव-गांव में जबरदस्त हचल है। छोटे-छोटे गांवों के सीमित मतदाता संख्या वाले गांवों में पंच चुनाव लड़ने के लिए भी लोगों के बीच कशमकश है, वहीं दूसरी ओर इसी राज्य में सैकड़ों पंचायतें ऐसी भी हैं जहां लोग पंच-सरपंच के चुनाव के लिए नामांकन ही नहीं भरते। ऐसा क्यों होता है, इस सवाल का जवाब तो राज्य में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के पास भी नहीं है। उनका कहना है कि ये एक सामान्य प्रक्रिया है। जहां एक बार में नामांकन नहीं आते हैं वहां दूसरी बार फिर से चुनाव कराए जाते हैं।

### पंच के लिए नामांकन नहीं, सबसे अधिक मामले

राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव की प्रक्रिया में ग्राम पंचायतों का चुनाव मुख्य होता है। ग्राम पंचायत में सरपंच के अलावा पंचों के चुनाव होते हैं। एक गांव की पंचायत अगर 20 वार्ड होते हैं तो 20 पंच भी चुने जाते हैं। गांवों में अगर किसी को राजनीति की शुरुआत करनी होती है तो उनका पहला दांव पंच का चुनाव ही होता है। यह चुनाव भी इतन छोटा होता है कि एक गांव के एक वार्ड में मतदाताओं की संख्या 20-25 तक भी होती है। पंचायत चुनाव में सबसे अधिक संख्या पंचों की ही होती है।

### महिला सरपंच बनी तो पति कहलाता है सरपंच पति



### पंच बनने के लिए नामांकन नहीं

छत्तीसगढ़ में हुए पिछले चुनाव 2019 में पंच पद के चुनाव के लिए 537 स्थानों पर किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया था। ऐसा भी नहीं है कि यह पहली बार हुआ था। इससे पूर्व के चुनावों में भी इसी तरह की स्थिति बनी थी। 2014 के पंचायत चुनाव में पंच पद के लिए हुए चुनाव में 811 पंच पदों के लिए कोई नामांकन नहीं आया था। वर्ष 2009 की बात करें तो इस चुनाव में 1446 स्थानों पर पंच पद के लिए किसी ने उम्मीदवारी नहीं थी। लेकिन राज्य गठन के बाद 2004 में हुए पंचायत चुनाव में 3 हजार 758 पदों के लिए किसी ने नामांकन नहीं किया था।

### सरपंच बनने के लिए भी कोई नामांकन नहीं

किसी भी ग्राम पंचायत में सरपंच का पद सबसे महत्वपूर्ण और अधिकार संपन्न माना जाता है। गांवों में सरपंच का पद खासा प्रतिष्ठापूर्ण माना जाता है। लोग एक बार सरपंच बनने के बाद हमेशा के लिए पूर्व सरपंच के रूप में याद किए जाते हैं। यही नहीं अगर कोई महिला सरपंच बने तो उसके पति की शान भी बढ़ जाती है। ये लोग सरपंच पति का अघोषित पद हासिल कर लेते हैं। लेकिन राज्य में कई गांव ऐसे हैं जहां लोगों ने पिछले चुनाव में सरपंच बनने में कोई रुचि नहीं दिखाई। 2019 के पंचायत चुनाव में सरपंच के 50 पदों के लिए किसी ने भी नामांकन नहीं भरा था। 2014 में 40 स्थानों पर सरपंच के लिए कोई परचा दाखिल नहीं हुआ।

### टुकुन की नजर से...




# इंजीनियर, फार्मासिस्ट, पूर्व प्रिंसिपल उतरे चुनाव मैदान में

रिटायर्ड एसईसीएल, रेलवे कर्मचारी भी ठोंक रहे ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंजीनियरिंग, डिप्लोमा, डी फार्मेसी और आईटीआई जैसी तकनीकी शिक्षा लेकर अच्छी नौकरी के सपने देखने वाले युवा नगरीय निकाय चुनाव के मैदान में कूद पड़े हैं। बेरोजगारी की हताशा के शिकार ये बेरोजगार अब राजनीति में भविष्य तलाशने लगे हैं। इनके अलावा एसईसीएल, रेलवे के कर्मचारी और प्राचार्य जैसे शासकीय पदों से रिटायर्ड होने वाले कर्मचारी भी समाज सेवा का सपना लेकर नगरीय निकाय के चुनावी समर में ताल ठोंक रहे हैं। इस मामले में शहर के वो अधिवक्ता भी पीछे नहीं हैं जो दिनभर न्यायालय में आम जनता के मुकदमे लड़ते हैं। राजनीति की चाह और संभवतः इसमें कैरियर देख रहे युवा जिन्होंने कभी इंजीनियरिंग, डिप्लोमा, डी फार्मेसी की शिक्षा लेकर अच्छी नौकरी की सपने देखे थे। दिन प्रतिदिन समय बीतने के साथ लंबे संघर्ष के बाद भी जब ऐसे डिग्रीधारी युवाओं को नौकरी में कैरियर नहीं मिला तो वो राजनीति के चुनावी समर में कूद पड़े हैं। युवाओं में भाजपा से लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी शामिल हैं। कांग्रेस से जहां आशीष गुप्ता के पास इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा हैं, अतुल दास महंत आईटीआई हैं, देव जायसवाल के पास डी फार्मा की डिग्री है। तुलसी कुदलीप के पास भी डिप्लोमा है। इनके अलावा भाजपा से भी तकनीकी शिक्षा की डिग्री लिए युवा चुनावी मैदान में हैं। भाजपा ने रेलवे से वीआरएस लिए रामकृष्ण चौहान को मुड़ापार वार्ड से प्रत्याशी बनाया है। पेशे से लोको पायलट रहे श्री चौहान के पास इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा है। इसी तरह अधिवक्ता नूतन सिंह ठाकुर को भी भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी की ओर से वार्ड क्रमांक 43 से एसईसीएल से रिटायर्ड हुए रिचर्ड लोगन को तथा ज्योति मिशन हाईस्कूल के प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए बीके यादव चुनावी मैदान में उतारा गया है।




### आप और बसपा के मेयर प्रत्याशी शिक्षा में राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशी से आगे

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर पद का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों में बहुजन समाज पार्टी की ओर से मेयर प्रत्याशी नंदनी साहू पेशे से अधिवक्ता हैं। वहीं आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी लखनी साहू अंग्रेजी में एमए, एलएलबी और स्टेनो में डिप्लोमा है। जबकि भाजपा प्रत्याशी संजू देवी राजपूत महज साक्षर हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी उषा तिवारी स्नातक हैं। शैक्षणिक योग्यता के आंकलन में दोनों राष्ट्रीय दलों के मेयर प्रत्याशी आप और बसपा के मेयर प्रत्याशी से पीछे हैं।

# कांग्रेस ने बीस साल का काटा वनवास तब अप्रत्यक्ष चुनाव से मिली थी सत्ता

दुर्ग नगर निगम वर्ष 1999 तक कांग्रेस, फिर 2019 में अप्रत्यक्ष चुनाव में जीत

भले ही 1984 को दुर्ग जिले को नगर निगम का दर्जा मिला था। जिसके बाद लगातार पांच बार अप्रत्यक्ष चुनाव में कांग्रेस मेयर के पद पर जमे रहे, लेकिन वर्ष 1999 को यह परंपरा टूट गई और चुनाव मैदान में भाजपा नेत्री सरोज पांडेय ने पहली बार ऐसा पैर जमाया कि वे खुद दो बार मेयर रही। वहीं उनके कार्यकाल के बाद दो मेयर भाजपा ने दिया था। इस बीच वर्ष 1999 से 2019 के बीच लंबे अंतराल ने कांग्रेस को राजनीति में सूखे दिन दिखाए और उन्हें पूरे बीस साल वनवास काटना पड़ा था। हालांकि वर्ष 2019 में अप्रत्यक्ष चुनाव के फार्मूले ने दुर्ग को बीस साल बाद कांग्रेस का मेयर दिया और पूर्व मेयर मोहनलाल बाकलीवाल के पुत्र धीरज बाकलीवाल मेयर बने थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम की राजनीति सन 1999 में तब करवट बदली जब महापौर का पद महिला सामान्य के लिए आरक्षित हुआ। भाजपा ने भिलाई की सरोज पाण्डेय को महापौर की टिकट दी। इसको लेकर भाजपा में बवाल मचा था। बावजूद सरोज पाण्डेय महापौर निर्वाचित हुई। उस समय कांग्रेस ने सांसद मोतीलाल वोरा के खास समर्थक माने जाने वाले राधेश्याम शर्मा की पत्नी चंदा देवी शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा था। उस समय कांग्रेस से शैलजा पांडेय की दावेदारी मजबूत थी, बावजूद उसे टिकट नहीं दी गई। जिससे शैलजा ने पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ा था और चुनाव में दूसरे स्थान पर रही थी। चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुई तथा कांग्रेस प्रत्याशी चंदा देवी तीसरे स्थान पर रही थी। इसके बाद 2004 में निगम का अगला चुनाव हुआ। इस चुनाव में भाजपा ने सरोज पांडेय को दोबारा अपना प्रत्याशी बनाया। इस पांच साल के कार्यकाल में क्षेत्र में भाजपा की अच्छी पकड़ बन गई थी। चुनाव में कांग्रेस ने मदन जैन को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था। सुश्री पाण्डेय ने महापौर के रूप में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। शहर में दिखने वाले कई विकास कार्य हुए, जिसके कारण चुनाव में भाजपा को हराना मुश्किल ही था। चुनाव में हुआ भी, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी मदन जैन को पराजित होना पड़ा। पांच साल बाद 2009 में नगर निगम का अलगा चुनाव हुआ। इस चुनाव में भाजपा के डॉ शिव कुमार तमेर मेयर बने। चुनाव में इनका मुकाबला पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार के साथ था। डॉ तमेर का कार्यकाल 2014 में पूरा हुआ। इसके बाद के चुनाव में भी निगम में भाजपा की सत्ता काबिज हुई।




### नगर निगम में पांच चुनाव की स्थिति

| चुनाव | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 1999 | सरोज पांडेय (जीते) | चंदा बाई शर्मा |
| 2004 | सरोज पांडेय (जीते) | मदन जैन |
| 2009 | डॉ शिव कुमार तमेर (जीते) | राजेन्द्र साहू |
| 2014 | चंद्रिका चंद्राकर (जीते) | नीलू ठाकुर |
| 2019 | अप्रत्यक्ष चुनाव में कांग्रेस के मेयर धीरज बाकलीवाल रहे। | |

### इस बार भाजपा के लिए कम चुनौती नहीं

नगर निगम दुर्ग ऐसा क्षेत्र में जिसमें विधानसभा का क्षेत्र समाहित हो जाता है। यानि मेयर और विधायक का विधानसभा क्षेत्र एक ही हैं। यहां सरोज पांडेय 1999-2009 तक के कार्यकाल को देखे तो हमेशा त्रिकोणीय मुकाबला रहा है। वहीं 2014 तक निर्दलीय प्रत्याशियों ने कांग्रेस और भाजपा का पसीना छूट गया था, लेकिन पहली बार दुर्ग मेयर चुनाव के इतिहास में मेयर के लिए भाजपा से अल्का बाघमार और कांग्रेस से प्रेमलता पोषण साहू मैदान में हैं। हर बार त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा को फायदा मिलने के कारण उनकी जीत होती रही है, लेकिन अब कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला होगा और वोट कटने की गुंजाइश खत्म हो जाएगी।



## शूटिंग पूरी हो जाने के बाद भी फिल्म 'दस' नहीं हुई रिलीज

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में मल्टी-स्टार कास्ट वाली फ़िल्मों का अलग ही क्रेज था। एक फिल्म में कई हीरो होते थे, जो सफलता की गारंटी माना जाता था। सलमान खान और संजय दत्त उस दौर के दो बड़े एक्टर थे, जो अक्सर स्क्रीन पर साथ नजर आते थे। साजन, चल मेरे भाई, ये है जलवा, सन ऑफ़ सरदार और रेडी जैसी फ़िल्मों में दोनों साथ साथ नजर आए। ये फिल्में हिट भी रहीं। लेकिन, दोनों की एक फिल्म ऐसी है, जिसकी शूटिंग पूरी होने के बाद भी रिलीज नहीं हुई। वो फिल्म है 'दस'। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस फिल्म के गाने आज भी गाए और सुने जाते हैं। 1997 में संजय दत्त, सलमान खान और रवीना टंडन ने फिल्म 'दस' में काम किया था।

लाइफ Style

# कियारा


## यश की शोहरत पर टिका कॅरियर

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म अभिनेत्री कियारा आडवाणी और राम चरण की पिछली फिल्म 'गेम चेंजर' का जो हाल बॉक्स ऑफिस पर हुआ है, उसने उत्तर से लेकर दक्षिण तक इस हीरोइन की बॉक्स ऑफिस वैल्यू पर भी सवाल खड़े कर दिए। अब बारी 'टॉक्सिक' और 'वॉर 2' की है।

फिल्म अभिनेत्री कियारा आडवाणी की पिछली फिल्म 'गेम चेंजर'का जो हाल बॉक्स ऑफिस पर हुआ है, उसने उत्तर से लेकर दक्षिण तक इस हीरोइन की बॉक्स ऑफिस वैल्यू पर सवाल खड़े कर दिए। उनकी ये लगातार तीसरी फिल्म ऐसी है जो इसके मेकर्स की कारोबारी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। अब ले देकर फिल्म अभिनेता यश की अगली फिल्म 'टॉक्सिक'पर ही उनका कॅरियर टिका है। उनकी एक और फिल्म 'वॉर 2' भी निर्माणाधीन है लेकिन ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की मौजूदगी में वह वहां कितना चमक पाएंगी, सोचा जा सकता है। फिल्म 'टॉक्सिक'की हाल ही में मुंबई में कई दिनों तक शूटिंग चली। साउथ सिनेमा की नजदीक से खबर रखने वालों की मानें तो यश ने ये पूरी की पूरी शूटिंग इसके रशेज देखने के बाद खारिज कर दी है।

फिल्म की अप्रैल में होने वाली रिलीज भी इसी चक्कर में आगे खिसकी है। पहले ये फिल्म इसी साल स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों के दौरान रिलीज होने वाली थी। लेकिन, अब इसके क्रिसमस की छुट्टियों में रिलीज होने के आसार हैं। फिल्म की हीरोइन कियारा आडवाणी की पिछली फिल्म 'गेम चेंजर'फ्लॉप होने को भी इसका एक बड़ा कारण माना जा रहा है। कियारा की इसके पहले कार्तिक आर्यन के साथ आई फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा'फ्लॉप रही थी।



हॉलीवुड मसाला




## कैप्टन अमेरिका के रूप में नहीं दिखेंगे

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) के फैंस के बीच यह चर्चा तेज हो रही थी कि क्रिस इवांस एक बार फिर से कैप्टन अमेरिका के रूप में वापसी कर सकते हैं। खासकर आगामी फिल्म 'एवेंजर्स डूम्सडे' को लेकर ये कयास और भी ज्यादा लगने लगे थे। क्रिस इवांस ने इस विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'यह सच नहीं है। यह हर कुछ वर्षं में होता है। खासकर एंडगेम के बाद। मैं अब इन अफवाहों का जवाब देना बंद कर चुका हूं। हां, मैं तो खुश से रिटायर हो चुका हूं।'





## 27 जून को रिलीज होगी 'स्क्विड गेम 3'

**लॉस एंजिल्स।** 'स्क्विड गेम 3' को देखने के लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सीरीज के तीसरे सीजन की रिलीज डेट और ओटीटी प्लेटफॉर्म से पर्दा उठ गया है। सीरीज का तीसरा पार्ट इसी साल 27 जून में रिलीज होने जा रहा है। मेकर्स ने शो के तीसरे पार्ट से संबंधित कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। 'सक्विड गेम' के दूसरे सीजन के सात एपिसोड में कई उतार-चढ़ाव और मोड़ देखने को मिले हैं। इस सीजन को लेकर निर्देशक ह्वांग का मानना था कि सीजन 2 के बाद इस कहानी को तीसरे सीजन तक खींचा जा सकता है। उन्हें लगा की सीरीज के अंत को लेकर एक अलग पार्ट होना चाहिए। ऐसे में उन्होंने तीसरे सीजन को बनाने का फैसला लिया। 'सक्विड गेम' ने दुनियाभर में 900 मिलियन डॉलर की कमाई की थी। एक अनुमान के अनुसार 132 मिलियन लोगों ने पहले 23 दिनों में कम से कम दो मिनट के लिए शो देखा, जिसने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के हिट शो 'ब्रिजर्टन' द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।



## 'मेरे हसबैंड की बीवी' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह अभिनीत फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' अगले महीने सिनेमाघरों में लगेगी। हाल ही में रिलीज डेट का खुलासा हुआ और अब शुक्रवार को फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है। इसमें फिल्म की कहानी की साफ-साफ झलक दिखाई दे रही है। यूं तो फिल्म के नाम से ही स्पष्ट है कि यह लव ट्रायंगल फिल्म है। पूजा एंटरटेनमेंट के इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पोस्टर शेयर किया गया है। इसमें एक तरफ भूमि पेडनेकर घोड़े पर सवार हैं तो दूसरी तरफ रकुलप्रीत। अर्जुन कपूर दोनों के बीच फंसे नजर आ रहे हैं। एक्टर के दोनों हाथों को दुपट्टे से बांधकर दोनों अभिनेत्री उन्हें अपनी-अपनी ओर खींचती नजर आ रही हैं। पोस्टर के साथ लिखा है, 'कलेश के लिए तैयार हो जाओ, क्योंकि ये लव ट्रायंगल नहीं, पूरा सर्कल है'।



## रैपर रफ्तार ने की मनराज जवंदा से शादी

**नई दिल्ली।** रैपर दिलिन नायर उर्फ रफ्तार ने 31 जनवरी को दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में मनराज जवंदा से शादी कर ली। कपल के शादी की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसके बाद फैंस सोशल मीडिया उन्हें बधाई देने लगे। यह रफ्तार की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने अपनी पहली पत्नी कोमल वोहरा से तलाक के पांच साल बाद मनराज से शादी की है। हालांकि, रैपर ने अपनी शादी की आधिकारिक घोषणा नहीं की, लेकिन सोशल मीडिया पर शादी के फंक्शन की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। मनराज एक फैशन स्टाइलिस्ट और फिटनेस स्ट्रीक हैं। उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो, रियलिटी टीवी शो और विज्ञापनों के लिए स्टाइलिस्ट के तौर पर काम किया है। मनराज का जन्म और पालन-पोषण कोलकाता में हुआ।

टीवी मसाला

## उथल-पुथल भरे सत्ता संघर्ष की कहानी 'राम-भवन'

**मुंबई।** प्रयागराज में एक परिवार के भीतर सत्ता संघर्ष पर आधारित सीरियल राम भवन कलर्स चैनल पर शुरू हुआ है। कहानी ओम (मिश्कात वर्मा) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार के खोए सम्मान को वापस पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। गायत्री (समीक्षा



जायसवाल) के पास सत्ता है—वह ओम की दबंग भाभी और ईशा (खुशबू राजेंद्र) की बॉस भी है। राम भवन के लीड एक्टर मिश्कात वर्मा से जब पूछा गया कि उनमें राम जैसी क्या विशेषताएं हैं, तो उन्होंने बताया कि दोनों ही सच बोलते हैं। इंटरव्यू के दौरान खुशबू राजेंद्र ने बताया कि वह मध्यप्रदेश के पिपरिया में पली-बढ़ी हैं। पांचवी कक्षा तक वहीं पढ़ाई की, और आज भी उनके कुछ दोस्त, दादा-दादी समेत रिश्तेदार वहां रहते हैं। हालाँकि, वहां की ठंड बहुत अधिक होने के कारण वह कम ही जाती हैं, लेकिन जब भी जाती हैं, तो लोगों से मिलती हैं और बुंदेलखंडी भाषा उन्हें बहुत पसंद है। वहीं अपने किरदार से समानता बताते हुए खुशबू ने कहा कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है और काफी जिम्मेदार है इसलिए वह अपने किरदार को और अच्छी तरह समझती है । वहीं, समीक्षा जायसवाल ने बताया—'मैं इंदौर से हूं और बहुत लोग यह जानते भी नहीं। इंदौर मेरी जान है, मेरा घर है, और मुझे बहुत पसंद है। घर में एक डॉग भी है, जिससे मिलने का बहुत मन करता है। मैंने क्वीन्स कॉलेज से पढ़ाई की है।' अपने नेगेटिव रोल के बारे में समीक्षा ने कहा कि हर नेगेटिव किरदार के पीछे कोई लॉजिक और वजह होती है। अपने किरदार गायत्री का हवाला देते हुए उन्होंने समझाया—'घर में चार-चार मर्द होने के बावजूद अगर गायत्री 8 साल से काम कर रही है, तो घर पर उसका अधिकार बनता है।'

## 'क्राइम पेट्रोल' में नहीं किया जाता कलाकारों का मेकअप

**नई दिल्ली।** क्राइम पेट्रोल एक पॉपुलर टीवी शो है जो अपराधों और समाज की सच्चाई को दिखाता है। इसकी सफलता की वजह इसकी गहरी रिसर्च और बिना मेकअप के एक्टर्स की शूटिंग है, जिससे वे असली पुलिस



ऑफिसर्स जैसे दिखते हैं। इस शो की सफलता का एक बड़ा कारण ये है कि इसमें हर पहलू पर गहरी रिसर्च की जाती है। ये रिसर्च न केवल घटनाओं के होने को सुनिश्चित करती है, बल्कि शो के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत करती है। शो के डायरेक्टर दर्शन राज ने एक इंटरव्यू में बड़े पहलू शेयर किए कि शो के एक्टर्स को बिना मेकअप के शूटिंग करने के लिए कहा जाता है। इसका उद्देश्य था कि पुलिस के किरदार में दिखने वाले एक्टर असल में पुलिस ऑफिसर जैसा महसूस हो और ऑडियंस पर रियल असर डाले। बिना मेकअप के शूटिंग करने से सेट पर भीड़ को ये लग जाता था कि वे असल में पुलिस ऑफिसर के सामने खड़े हैं।

## देवा के साथ बॉर्डर 2 की दिखी झलक

**नई दिल्ली।** सनी देओल की फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि शाहिद कपूर की देवा के साथ गदर 2 एक्टर की मचअवेटेड फिल्म बॉर्डर 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की देवा रिलीज हुई है। लेकिन यह फिल्म अकेले नहीं, बल्कि सनी देओल की बॉर्डर 2 का इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक गुड न्यूज लेकर आई है।

दरअसल, देवा के साथ बॉर्डर 2 का टीजर दिखाया गया है। वहीं जानकारी दी गई है कि 23 जनवरी 2026 में सनी देओल की मचअवेटेड फिल्म बड़े पर्दे पर



देशभक्ति का रंग दिखाती हुई नजर आएगी। गौरतलब है कि 1997 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बॉर्डर 2 है, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

## खौफ ऐसा कि इन्हें दरवाजे पर खड़ा देख अंदर भागी महिला

**नई दिल्ली।** जब भी बॉलीवुड में बेहतरीन विलेन के बारे में बात होगी तो उसमें एक्टर के.एन. सिंह का नाम जरूर शामिल किया जाएगा। 40-50 के दशक में के.एन. सिंह ने अलग-अलग तरह के विलेन के किरदार बड़े पर्दे पर निभाए। उनका नाम बॉलीवुड के क्रूर और सबसे बुरे विलेन में शामिल हो गया। शुक्रवार को एक्टर के.एन. सिंह की 25वीं पुण्यतिथि (31 जनवरी 2000) थी। के.एन. सिंह के पिता देहरादून में एक वकील थे। बड़े होने पर के.एन. सिंह



आर्मी में जाना चाहते थे। बाद में वह स्पोर्ट्स की फील्ड में सक्रिय हुए। जैवलीन थ्रो गेम में वह बर्लिन ओलंपिक (1936) के लिए सेलेक्ट भी हुए, लेकिन बहन के बीमार होने के कारण गेम्स में हिस्सा नहीं ले पाए। वह अपनी बहन की देखभाल के लिए कोलकाता पहुंच गए। यहां उनकी मुलाकात पृथ्वीराज कपूर से हुई। उन्होंने ही के.एन. सिंह को देबकी बोस से मिलवाया।

### जब के.एन. को देखकर एक महिला डर गई

बड़े पर्दे पर निभाए विलेन के किरदारों की छवि के.एन. सिंह की पहचान का अहम हिस्सा बन गई। असल जिंदगी में भी लोग उन्हें बुरा आदमी ही समझने लगे। एक इंटरव्यू में वर्षों पहले के.एन. सिंह ने ही बताया था कि वह एक फिल्म की शूटिंग खत्म करके वापस जा रहे थे। इस बीच उन्हें एक चिट्ठी अपने किसी दोस्त को देनी थी। वह उसके घर पहुंचे, तभी गेट पर एक महिला आई, जैसे ही उस महिला ने के.एन. सिंह को देखा तो चिल्लाने लगी और डर के मारे घर के अंदर चली गई।



## चिंतन

# जीडीपी दर बढ़ाने और कड़े आर्थिक सुधारों का सुझाव

वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में देश की अर्थव्यवस्था की मौजूदा तस्वीर पेश की गई है। अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद घरेलू व वैश्विक चुनौतियों को रेखांकित किया गया है और आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। सुस्त जीडीपी दर व महंगाई पर चिंता दर्शायी गई है। रोजगार सृजन पर जोर देने और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर गौर करने के लिए कहा गया है। यूं तो अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बताई गई है, लेकिन चालू व अगले वित्त वर्ष के लिए कम जीडीपी अनुमान को देखते हुए कड़े आर्थिक सुधार की पैरवी की गई है। आर्थिक समीक्षा में देश की वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काफी नहीं है। इसके साथ ही वृद्धि को गति देने के लिए भूमि और श्रम जैसे क्षेत्रों में नियमनों को उदार बनाने और सुधार को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में साफ संकेत दिया गया है कि भारत की वृद्धि सुस्त हो रही है और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए करीब दो दशक से अधिक वक्त तक आठ प्रतिशत या इससे अधिक रफ्तार से जीडीपी ग्रोथ दर्ज करना होगा। वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी दर 8.2 प्रतिशत रही थी। समीक्षा में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि का जो अनुमान लगाया गया है, उसे विकसित देश बनने के लिए जरूरी वृद्धि दर से काफी कम माना जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि कृषि उत्पादन में उछाल, खाद्य मुद्रास्फीति में अपेक्षित नरमी और स्थिर वृहद-आर्थिक परिवेश के साथ ग्रामीण मांग के चलते निकट अवधि में आर्थिक वृद्धि में तेजी आएगी। समीक्षा में सरकार को लगता है कि अगले साल भारत की आर्थिक संभावनाओं को लेकर जोखिम संतुलित है। अगर वैश्विक स्थिति को देखें तो रूस व यूक्रेन युद्ध जारी है, पश्चिम एशिया में इजराइल, ईरान, हमास, हिज्बुल्ला, हुती के बीच तनाव व्याप्त है। अमेरिका में ट्रंपराज में अमेरिकी संरक्षणवाद को बढ़ावा दिए जाने व यूएस व चीन के बीच ट्रेड वार बढ़ने की संभावना के चलते वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां कठिन रहने वाली हैं। इसके असर से भारतीय अर्थव्यवस्था भी अछूत नहीं रहेगी। भारत का निर्यात आयात से कम है, व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, वैश्विक स्तर पर तनाव और अनिश्चितताओं के साथ जिंसों के दाम में तेजी की आशंका अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा करती हैं। ऐसे में बजट में वैश्विक जोखिमों से निपटने के लिए बड़ा उपाय करने होंगे। समीक्षा में कृषि क्षेत्र, नए टेक उद्योग, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार व निवेश बढ़ाने को कहा गया है। निवेश दर को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का 35 प्रतिशत करने की आवश्यकता है, जो वर्तमान में 31 प्रतिशत है। समीक्षा में नियमनों को कम कर आर्थिक सुधारों को बढ़ाकर वृद्धि के इंजन को फिर से मजबूत करने का आह्वान किया गया है। नवाचार व एसएमई को बढ़ावा देने के लिए कहा गया है। जर्मनी, स्विट्जरलैंड, जापान और सिंगापुर जैसे देशों की आर्थिक सफलता में छोटे उद्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बजट में आर्थिक समीक्षा के सुझावों के अनुरूप एक्शन प्लान की उम्मीद है। समीक्षा में आयकर में राहत व टैक्स सुधार पर चुप्पी है। यह संकेत हो सकता है कि बजट में कर सुधारों पर अधिक ध्यान न दिया जाए, विकास को गति देने के लिए टैक्स रिफॉर्म जरूरी है।



विश्लेषण
शंभू भद्र

# समीक्षा में बुलंद बजट के संकेत

सुस्त ग्रोथ का सामना कर रही सरकार के सामने राजकोषीय विवेक बनाए रखने और विकास दर बढ़ाने के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में पेश देश की आर्थिक तस्वीर में भी जीडीपी, महंगाई को लेकर चिंता है, कृषि व उद्योग क्षेत्र के लिए सुझाव हैं, निवेश बढ़ने की उम्मीद जताई गई है और वैश्विक स्थितियां व भूराजनीतिक तनाव के चलते कठिन आर्थिक परिस्थिति बनी रहेंगी। सर्वे में रोजगार सृजन, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटेक व हाईएंड न्यूटेक, सेवा क्षेत्र, सोशल वेलफेयर सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और जीडीपी ग्रोथ पर फोकस के सुझाव हैं। कड़े आर्थिक सुधार से लबरेज समावेशी व बुलंद बजट के संकेत हैं।

आज मोदी 3:0 सरकार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपना बजट पेश करेगी। सभी वर्ग को सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं। खासकर नौकरीपेशा वर्ग को आयकर में राहत की आस है। किसान, कमेरा, व्यापारी, उद्यमी, गृहिणी, युवा, विद्यार्थी सभी क्लास को बजट से कुछ न कुछ चाहिए। लेकिन क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना आठवां बजट पेश करते हुए इन सबकी उम्मीदों पर खरा उतर पाएंगी? सुस्त ग्रोथ का सामना कर रही सरकार के सामने राजकोषीय विवेक बनाए रखने और विकास दर बढ़ाने के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में पेश की गई देश की आर्थिक तस्वीर में भी जीडीपी, महंगाई को लेकर चिंता है, कृषि व उद्योग क्षेत्र के लिए सुझाव हैं, निवेश बढ़ने की उम्मीद जताई गई है और वैश्विक स्थितियां व भूराजनीतिक तनाव के चलते कठिन आर्थिक परिस्थिति बनी रहेंगी। आर्थिक सर्वे में रोजगार सृजन, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटेक व हाईएंड न्यूटेक, सेवा क्षेत्र, सोशल वेलफेयर सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और जीडीपी ग्रोथ पर फोकस के सुझाव हैं।

समीक्षा में कड़े आर्थिक सुधार से लबरेज समावेशी व बुलंद बजट के संकेत हैं। कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3-6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आंकड़े बता रहे हैं कि ग्रोथ के मोर्चे पर चुनौती बरकरार है। हालांकि समीक्षा में कहा गया है कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है, इसे संतुलित राजकोषीय सशक्तीकरण और स्थिर उपभोग का समर्थन प्राप्त है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक, विवेकपूर्ण नीति प्रबंधन और घरेलू बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत करने की जरूरत होगी। वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण मुद्रास्फीति का जोखिम बना रहेगा। उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और बेहतर होती कारोबारी अपेक्षाओं से निवेश गतिविधि में तेजी आने की उम्मीद है। भारत को जमीनी स्तर पर संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से अपनी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने की जरूरत है। कारोबारी सुगमता (ईओडीबी) 2.0 राज्य सरकार की अगुवाई वाली पहल होनी चाहिए, जो व्यवसाय करने में असुविधा की मूल समस्या को दूर करने पर केंद्रित हो। भारत को निर्यात बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करना चाहिए। भारत को उच्च वृद्धि के लिए अगले दो दशक में बुनियादी ढांचे में निवेश को निरंतर बढ़ाने की जरूरत है। कॉरपोरेट क्षेत्र को उच्च स्तर की सामाजिक जिम्मेदारी दिखानी होगी। जलवायु-प्रतिरोधी फसल किस्मों को विकसित करने, उपज बढ़ाने और फसल क्षति को कम करने के लिए दलहन, तिलहन, टमाटर, प्याज उत्पादन बढ़ाने के लिए शोध की जरूरत है। आर्थिक समीक्षा में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए एक या दो दशक तक औसतन आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि की वकालत की गई है। कहा गया है कि अपेक्षित वृद्धि हासिल करने के लिए निवेश को 31 से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने की जरूरत है। सुधारों और आर्थिक नीति का ध्यान अब व्यवस्थित विनियमन पर होना चाहिए। विनिर्माण क्षेत्र को और विकसित करने तथा एआई,



रोबोटिक्स और जैव प्रौद्योगिकी जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश करने की जरूरत है। समीक्षा में जो सुझाव हैं, बजट में उस दिशा में कदम दिखेंगे। निवेश बढ़ाने पर जोर होगा। चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था लंबे समय से आर्थिक सुधार के अगले चरण के इंतजार में है। सत्ताधारी भाजपा के चुनावी गणित में उलझे रहने के चलते राजनीति अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ी है। इसका खामियाजा वित्त वर्ष 2024-25 में देखने को मिला है, जब जीडीपी दर साढ़े छह फीसदी से नीचे आ गई। सुस्त ग्रोथ के चलते भारत मध्यम आय के जाल (मिडल इनकम ट्रैप) में फंस सकता है। कार्यबल का लाभ लेना है और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है तो आठ फीसदी से अधिक जीडीपी ग्रोथ का मोमेंटम बनाए रखना होगा।'मिडिल इनकम ट्रैप' एक ऐसी स्थिति है जिसमें किसी देश की प्रति व्यक्ति आय मध्य स्तर तक ही सिमट कर रह जाती है और उच्च आय की श्रेणी की तरफ नहीं बढ़ पाती है। यह बजट सरकार के सामने विकास को गति देने के उपाय करने और घाटे को लक्षित दर के दायरे में रखने का मौका है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार आज पेश होने वाले बजट में राजकोषीय संतुलन का ध्यान रखेगी, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाएगी और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले विकास मॉडल की ओर रुख करेगी। वर्तमान आर्थिक मॉडल पर रोजगार सृजन रहित विकास के आरोप लगते रहे हैं। चूंकि देश कोविड महामारी के संकटकालीन दौर से बाहर निकल चुका है, ऐसे में आर्थिक सुधारों को जारी रखना होगा। इस बजट में कड़े आर्थिक सुधारों के नए रोडमैप देखने को मिलेंगे। विकास को गति देना के लिए घरेलू खपत को बढ़ावा देना होगा। सरकार अगर सार्वजनिक खर्च बढ़ाएगी और टैक्स रियायत लेकर आएगी तो घरेलू खपत बढ़ सकती है। ग्रामीण क्षेत्र में निवेश पर अधिक ध्यान देना होगा। बजट में ग्रामीण क्षेत्र में खपत बढ़ाने के उपाय देखने को मिल सकते हैं। उद्योग जगत भी ग्रामीण उपभोक्ताओं को लक्षित कर रहे हैं। समीक्षा में भी देश की अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों और संभावनाओं के बारे में विस्तार से बात की गई है। कृषि क्षेत्र के लिए जल-दोहन वाली फसलों से दूर रखने की सलाह दी गई है। धान व गेहूं के बजाय मोटे अनाज, दलहन व तिलहन की खेती पर जोर देने के लिए कहा गया है। कृषि विकास दर को पांच फीसदी पर लाने की बात कही गई है। कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान बजट में रहेगा। रसायनिक उर्वरक के प्रयोग को संतुलित करने, कृषि उत्पादों को उचित बाजार तंत्र प्रदान करने और किसानों को जोखिम से बचाने के लिए तंत्र विकसित करने के उपाय बजट में होंगे। कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने और कृषि क्षेत्र की अप्रयुक्त क्षमता के उपयोग पर भी ध्यान होगा। आर्थिक सर्वेक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल के लिए श्रमिकों को तैयार करने, नई तकनीकों को अपनाने के लिए बुनियादी ढांचे और सुरक्षा में सुधार करने, सरकारी, निजी क्षेत्र और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर देने का सुझाव दिया गया है। साथ ही, कपड़ा उद्योग के विकास और रोजगार सृजन में इसकी भूमिका को मजबूत करने तथा मानव निर्मित फाइबर उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता पर भी ध्यान देने को कहा गया है। सरकार नीतिगत स्तर पर एआई पर ध्यान दे रही है। बजट में अलग से एआई के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के उपाय दिखेंगे। 2025-26 के बजट में लक्षित पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता और सहयोगात्मक संघवाद को बढ़ावा देने की उम्मीद है। कृषि सुधारों के माध्यम से मुद्रास्फीति का दबाव कम किया जा सकता है। समीक्षा से संकेत साफ है कि इस बार के बजट में टैक्स में राहत, महिलाओं, बुजुर्गों पर ध्यान के साथ ग्रोथ व जॉब ओरिएंटेड आर्थिक सुधार का फ्रेमवर्क दिख सकता है।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



वैकोम मंदिर केरल के कोट्टायम में स्थित है और नवंबर के महीने में अपने वैकोम अष्टमी समारोह के दौरान इस मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है। इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1594 में किया गया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस मंदिर में जो शिवलिंग स्थापित है वह त्रेता युग में स्थापित की गई थी।

## सच्चे भक्त के प्रति प्रेम रखते हैं भगवान



संकलित
दर्शन

क्या तुम सचमुच भगवान को चाहते हो? क्या तुम सचमुच उनके दर्शन के लिए प्यासे हो? क्या तुममें सच्ची आध्यात्मिक भूख है? ये ऐसे आवश्यक प्रश्न हैं, जिनका तुम्हें अपने जीवन में प्रतिदिन उत्तर देना चाहिए। जो भगवान के दर्शन के लिए प्यासा है, उसके मन में भगवान के प्रति प्रेम उत्पन्न होगा। उसके लिए भगवान स्वयं प्रकट होंगे। यह आपूर्ति और मांग का प्रश्न है। यदि भगवान की सच्चे मन से मांग की जाए, तो आपूर्ति तुरंत आ जाएगी। प्रह्लाद की तरह निष्ठापूर्वक प्रार्थना करो। ऋषि वाल्मीकि, संत तुकाराम और भक्त तुलसीदास की तरह भगवान का नाम जपें। गौरांग महाप्रभु की तरह कीर्तन करो। भगवान से वियोग में मीरा की तरह एकांत में रोओ। तुम्हें भगवान के दर्शन इसी क्षण हो जाएंगे। कभी अपने आप को परखें। आत्मनिरीक्षण करें और भगवान के प्रति अपने प्रेम को विकसित करें। उनसे प्रार्थना करें। उनके लिए रोएं और रोएं। उनका नाम जपें और उनका नाम गाएं। वे अवश्य ही तुम्हें अपनी कृपा से आशीर्वाद देंगे। सच्चे भक्त पर भगवान की कृपा सदैव बनी रहती है। उसे बस अपने अंदर उनकी उपस्थिति को महसूस करना होता है। जो व्यक्ति हर घटना के पीछे भगवान का हाथ पहचानता है, बड़ी-से-बड़ी असफलताओं के बावजूद शांत रहता है और जो शांत रहता है, वही अंत में सफल होता है। भगवान हमेशा सच्चे भक्त के प्रति प्रेम रखते हैं। हमारे प्रति उनके असीम प्रेम के कारण ही जीवन जीने योग्य है।

## अपनी इच्छाओं का दमन नहीं शमन करें



संकलित
प्रेरणा

जब आप इच्छा का निरीक्षण करते हैं, तब क्या आप किसी अजनबी की तरह उसे देखते हैं? या इच्छा उठने के साथ ही उसका निरीक्षण करते चलते हैं? ऐसा नहीं कि इच्छा करनेवाले व्यक्ति की इच्छा अलग है; इच्छा करनेवाला ही स्वयं इच्छा है। इच्छा हमारे जीवन की एक अत्यावश्यक प्राणभूत प्रेरणा है। हम इच्छा मात्र की बात कर रहे हैं, किसी विशिष्ट चीज को पाने की इच्छा के बारे में नहीं। सारे धर्मों ने कहा है कि यदि आप भगवान को पाना चाहते हैं तो इच्छा को वश में करना होगा, इच्छा को नष्ट करना होगा, इच्छा को नियंत्रित करना होगा। सारे धर्मों ने कहा है इच्छा के स्थान पर विचार द्वारा बनाई किसी प्रतिमा की स्थापना करो, यानी वास्तविक के स्थान पर काल्पनिक की स्थापना। इच्छा वास्तविक है, ज्वलंत है और लोग समझते हैं कि उसके स्थान पर किसी दूसरी चीज की स्थापना करने से उस पर काबू पा लिया जाएगा। या फिर आप उस व्यक्ति की शरण में चले जाते हैं, जिसे आप महात्मा, परमात्मा, गुरु मानते हैं। और ये सब विचार के ही क्रिया-कलाप हैं। सारे धार्मिक चिंतन का यही ढांचा रहा है। इच्छा की समग्र गतिविधि को समझना हमारे लिए आवश्यक है, क्योंकि स्पष्ट है कि वह न तो प्रेम है और न ही करुणा। प्रेम और करुणा की अपनी स्वयं की एक प्रज्ञा होती है; वह धूर्त विचार की बुद्धिमत्ता नहीं होती। अत इच्छा का स्वरूप क्या है तथा इच्छा हमारे जीवन में इतनी असाधारण भूमिका क्यों निभाती रही है, यह समझ लेना महत्वपूर्ण है।

## बजट

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# मुफ्त योजनाएं बंदकर शिक्षा व स्वास्थ्य को करें निःशुल्क

केंद्रीय बजट आज वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाएगा। बजट में क्या राहत मिलने वाली है, इसे लेकर सभी वर्गों में उत्साह बना रहता है । गरीबों को विशेष सुविधा देने के बड़े-बड़े वादे बजट आते ही लुप्त हो जाते हैं। सामान्य वर्ग तो हमेशा ही छला जाता रहा है। बजट में आम जनता को उसकी उम्मीद के अनुसार लाभ क्यों नहीं मिल पाता, इस पर चिंतन की जरूरत है । देश के लगभग सभी प्रदेशों में सबसे निचले तबके को लुभाने और वोट बैंक को मजबूत करने के उद्देश्य से निःशुल्क योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं के कारण देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती चली जा रही है। यदि देश की शीर्ष राजनीति में काबिज लोग इस बात पर चिंतन करें तो आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाता जा सकता है। लोगों की शारीरिक शक्ति को इन्हीं योजनाओं ने जंग लगाना शुरू कर दिया है। इन्हें कर्मवीर बनाने की ओर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि फोकट का भोजन-कपड़ा, दाना-पानी पाने वाला वर्ग भी विकास में योगदान कर सके। समाज सेवा की नजर से देखा जाए तो देश की सरकार को बजट में ऐसे प्रावधान करने चाहिए जिससे न तो बेरोजगारी बढ़े और न ही लोगों को निः शुल्क योजनाओं के कारण अपनी शारीरिक शक्ति खोनी पड़े। इससे एक बड़ा लाभ यह होगा कि कल कारखानों की बंद पड़ी मशीनें फिर से घरघरा उठेंगी। प्रत्येक व्यक्ति की आय में इजाफा हो सकेगा। मानवीय जीवन की सबसे बड़ी विकास से जुड़ी सुविधा 'शिक्षा और स्वास्थ्य' को सभी वर्गों के लिए निःशुल्क घोषित कर देना चाहिए। वर्तमान में चल रही सभी निःशुल्क योजनाओं को बंद करने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य में लगने वाला बजट शायद हमारे लिए आसान होगा। सभी लोग शिक्षित होकर नौकरी,पेशा अथवा उद्योगपति की श्रेणी में पहुंच सकेंगे जो विकास का मजबूत आधार होगा। सवाल यह भी उठ सकता है कि उम्र के अंतिम पड़ाव में पहुंच चुके ऐसे लोगों के लिए क्या किया जाए, जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है ? इस संदर्भ में देश की सरकार को विशेष नियम बनाते हुए विभाग का गठन कर उनकी जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेना भी कोई कठिन काम नहीं होगा। देश के उद्योगपतियों और उच्च सेवा सहित व्यापारिक घरानों के अरबपतियों पर सरकार करों की दर बढ़ा भी दे तो उसे सालने वाला निर्णय नहीं माना जाना चाहिए। सभी क्षेत्रों में अनिवार्यतः शारीरिक श्रम की जरूरत पड़ती है। यह शारीरिक श्रम वर्तमान में घर बैठे सुविधाएं मिलने से बिना उत्पादन के नष्ट हो रहा है। इसे बचाने का प्रयास हर हाल में होना चाहिए। भारत का हर युवा जब खुद कमाने के लिए आगे आएगा और हर तरह के कार्य को करेगा तो दुनिया का कोई देश प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारतवर्ष का मुकाबला नहीं कर सकेगा। जब युवा भारत एक अच्छी बजट प्रणाली के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगा तो किसी भी क्षेत्र में श्रमवीरों की कमी नहीं होगी और यही श्रम देश को गौरवान्वित करेगा। सभी शिक्षित होंगे तो मेहनत से ही अपनी सुविधाएं जुटाने प्रयत्न कर सकेंगे। वित्त मंत्री से यही उम्मीद है कि वे ऐसे प्रावधान बजट में बनाएं जिससे जनता की ऊर्जा में वृद्धि हो और देश के विकास में उनकी योजनाएं कारगर हो सकें ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आज के समय में सनातन बोर्ड बेहद जरूरी

मीडिया की मानें तो दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में एक नया मोड़ आ गया है। यहां पहुंचे संतों और महंतों ने एक साथ मिलकर सरकार से सनातन बोर्ड बनाने और वक्फ बोर्ड को खत्म करने की मांग कर दी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के नेतृत्व में संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि वे महाकुंभ छोड़कर तब तक नहीं जाएंगे जब तक सरकार उनकी मांग नहीं मानती। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, जूना अखाड़े के महंत स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि, आनंद अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद गिरि आदि सभी ने एक स्वर में सनातन बोर्ड गठन के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। अब सरकार के फैसले का इंतजार है। - सागर

## ट्रेंड

### 'बेचारी' का उपयोग

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति को संदर्भित करने के लिए "बेचारी" वाक्यांश का उपयोग बेहद अपमानजनक है और सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय की गरिमा के लिए विपक्ष की निरंतर उपेक्षा को रेखांकित करता है।
-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष



### ज़हरीला पानी बंद

दिल्लीवासियों को बहुत-बहुत बधाई। दिल्ली में जो ज़हरीला पानी भेजा जा रहा था, वो अब बंद हो गया। अगर हम आवाज़ नहीं उठाते और संघर्ष नहीं करते, तो आज दिल्ली की आधी आबादी को पानी नहीं मिल रहा होता। हमने दिल्ली को बहुत बड़े पानी के संकट से बचा लिया।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### अब होगा विकास

अब बहाने नहीं, सिर्फ विकास होगा! सत्ता भोगी 'आप' ने जनता को केवल झूठे वादों और बहानों से बहलाया, जबकि दिल्ली पानी के लिए तरसती रही, बारिश में डूबती रही, और बुनियादी सुविधाएँ बदहाल होती रहीं।
-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद



### प्रकृति की 'उड़ानें' सर्वोच्च

गरुड़ दस्ते का एक बाज, दुष्ट ड्रोनों का पीछा करने और उन्हें जाल में फंसाने के लिए प्रशिक्षित है। शायद यह हमें बताता है कि भले ही हम ऊंची उड़ान भरने में मदद के लिए नई तकनीकें विकसित कर रहे हैं, फिर भी प्रकृति की 'उड़ानें' सर्वोच्च रहेंगी !
-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति



## करंट अफेयर

# गाजा के पुनर्निर्माण में लग सकते हैं कई दशक

गाजा में एक साल से भी ज्यादा समय तक चली जंग अब थम चुकी है। इस जंग में ना सिर्फ गाजा की बड़ी आबादी मिट गई बल्कि शहर के शहर तबाह हो गए। गाजा के अधिकारियों के मुताबिक इस जंग में 45 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। वहीं यहां की 90 प्रतिशत आबादी को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा। युद्धविराम की घोषणा के बाद लोग वापस गाजा के उत्तरी इलाकों में लौटने लगे हैं लेकिन वहां उन्हें मलबे के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मिडिल ईस्ट के दूत स्टीव विटकॉफ ने बीते दिनों गाजा का दौरा किया। दौरे के बारे में बात करते हुए उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है कि गाजा में लगभग सब कुछ खत्म हो चुका है और युद्ध से तबाह हुए इस इलाके के पुनर्निर्माण में 10 से 15 साल लग सकते हैं। विटकॉफ ने एक्सियोस वेबसाइट को बताया, हम पांच सालों में गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक ठोस योजना बना सकते हैं। लेकिन यह असंभव है। इसमें 10 से 15 साल लग सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, वहां कुछ भी नहीं बचा है। वहां चलना भी सुरक्षित नहीं है। यह बहुत खतरनाक है। मैं वहां जाकर निरीक्षण किए बिना यह नहीं जान पाता। विटकॉफ ने गाजा का दौरा करने के बाद बताया, लोग अपने घरों की ओर जा रहे हैं। वहां न तो पानी है और न ही बिजली।



## ऑफ बीट

# मनोकामना पूर्ण होने पर भूमिया देव को चढ़ाते हैं घंटियां

मासी का भूमिया मंदिर काफी प्राचीन है। यह मंदिर रामगंगा नदी के तट पर स्थित है। भूमिया देव इस पूरे क्षेत्र के रक्षक हैं। इस क्षेत्र में कोई भी शुभ कार्य होता है तो उसके लिए भूमिया देव का आशीर्वाद जरूर लिया जाता है। मनोकामना पूरी होने पर लोग यहां पर घंटियां भी चढ़ाते हैं। यहां तक कि मासी सडक़ से निकलने वाली सारी गाड़ियां बिना भूमिया देव को भेंट चढ़ाए आगे नहीं बढ़ती हैं। ऐसी भी मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने से भूत-प्रेत की बाधा भी दूर हो जाती है। इस मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं के भी मंदिर हैं, जिनमें भगवान गणेश जी, भगवान शिवजी और माता की मूर्तियां स्थित हैं। यह मंदिर भूमिया देवता का है और अल्मोड़ा जिले के मासी में स्थित है। रामनगर से मासी भूमिया मंदिर 100 किलोमीटर दूर है। चौखुटिया से इस मंदिर की दूरी करीब 13 किलोमीटर है। ऐसी भी मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने से भूत-प्रेत की बाधा भी दूर हो जाती है। इस मंदिर परिसर में अन्य देवी और देवताओं के भी मंदिर है, जिनमें गणेश जी, शिवजी और माता की मूर्तियां स्थित हैं। भूमिया देव को क्षेत्रपाल देवता के नाम से भी जाना जाता है। ये गांव, पशु और खेती के देव होते हैं, जिनकी पहाड़ों में बेहद मान्यता है। इस मंदिर की स्थापना कब हुई और यहां पूजा कब से हुई यह ठीक-ठीक बताना मुश्किल है, लेकिन इस मंदिर को काफी प्राचीन बताया जाता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### तीन साल का .....

हैं। स्वास्थ्य विभाग ने परिवार के अन्य बच्चों और परिजन का सैंपल भी कलेक्ट कर लिया है।

एचएमपीवी वायरस से पीड़ित सवा 3 साल के बच्चे को अपोलो अस्पताल में आईसीयू में भर्ती किया गया है। परिजन ने खांसी और गले में हुई परेशानी की वजह से उसे 27 जनवरी को अपोलो में भर्ती कराया था, जिसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। सूत्रों के अनुसार बच्चे की ट्रेवलिंग हिस्ट्री नहीं है, लेकिन उसकी जांच में एचएमपीवी वायरस की रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई है, जिसके बाद परिवार के अन्य 3 बच्चों का सैंपल लेकर एम्स रायपुर भेजा गया है। परिजनों की जांच भी की गई है लेकिन महज बच्चे की तबीयत ही खराब बताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इंफ्लूएंजा की तरह ही इस बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं, फिलहाल बच्चे को डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है, जहां हालत स्थिर है।

**रिपोर्ट का हो रहा इंतजार :** अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे के संबंध में जानकारी दी है। बच्चे की रिपोर्ट एचएमपीवी वायरस से पॉजिटिव बताई गई है। एहतियात के तौर पर अन्य बच्चे और परिजनों का सैंपल लेकर एम्स भेजा गया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

-**डॉ प्रमोद तिवारी**, सीएमएचओ, बिलासपुर

### पहला केस....

लेकिन स्वास्थ्य विभाग सतर्कता बरत रहा है। वहीं कोरबा जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### मोक्षित का कारनामा...

डायबिटिक से संबंधित विभाग डीके अस्पताल में था ही नहीं इसलिए आज तक उसका ताला नहीं खुला है। क्लीनिक सात साल से बंद है। सूत्रों के अनुसार डीके अस्पताल में सुपरस्पेशलिटी सुविधा उपलब्ध कराने की आड़ मे वहां भी दवा कार्पोरेशन के अफसरों के साथ इस दवा सप्लायर एजेंसी ने बड़ा खेला किया। अस्पताल में विभिन्न काम बिना प्रशासकीय स्वीकृति के पूरे हुए जिसमें से एक काम ट्रंकी प्रोजेक्ट फॉर डायबिटिक क्लीनिक का भी था। इसके लिए सीजीएमएससी के माध्यम से वर्ष 2017-18 में टेंडर जारी हुआ पहले दौरान में रिजेक्ट होने के बाद दूसरी बार में मोक्षित कार्पोरेशन एलीजेबल हुआ। आमतौर पर डायबिटिक क्लीनिक का काम अधिकतम 30 से 35 लाख में पूरा हो जाता है जिसके लिए उसकी 95 लाख 93 हजार 400 की जीएसटी समेत प्रोजेक्ट तैयार किया गया। काम पूरा होने के बाद कंपनी को लगभग 56 लाख का भुगतान भी हुआ फिर निर्माण के प्रशासकीय स्वीकृति नहीं होने का मसला उठा और बाकी राशि रोक दी गई। डायबिटिक क्लीनिक की डीके अस्पताल को जरूरत ही नहीं थी। निर्माण पूरा हुआ इसके बाद वहां लगा ताला पिछले सात साल से एक बार भी नहीं खोला गया है।

### 2.59 करोड़ का ....

भी कार्डियक सेंटर आंबेडकर अस्पताल में रह गया और कार्डियक सेटअप भी बेकार हो गया। ट्रंकी प्रोजेक्ट फॉर कार्डियक सेटअप का काम भी मोक्षित कार्पोरेशन द्वारा पूरा किया गया था।

### आधा दर्जन अफसर पूछताछ ....

और 29 जनवरी को न्यायालय में पेश कर सात दिन की रिमांड पर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार इस गड़बड़ी में पूछताछ के दौरान कई तरह की अहम जानकारी मिल रही है। इस आधार पर ईओडब्लू की जांच की आंच दवा कार्पोरेशन के तत्कालीन अफसरों तक पहुंच गई है। इनमें से कई अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों की भूमिका रीएजेंट और उपकरण खरीदी में प्रमुख होती है। पूछताछ में अगर उनकी संलिप्तता पाई जाती है, तो गिरफ्तारी की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

### इनसे हो रही ....

जाने के संबंध में पूछताछ हो रही है। डा. अनिल परसाई- खरीदी के दौरान इनके पास दवा कार्पोरेशन के स्टोर इंचार्ज की जिम्मेदारी थी। इनकी सहमति के बिना किसी भी दवा अथवा उपकरणों, रीएजेंट की खरीदी नहीं हो सकती थी।

झिरौंद्र रावटिया- ये बायोमेडिकल इंजीनियर थे और उपकरणों की खरीदी के दौरान जांच-पड़ताल की जिम्मेदारी इनकी थी। मामले में यह आरोप है कि दवा कार्पोरेशन द्वारा कई उपकरण दोगुने दामों में खरीदा गया था। इसके अलावा कमलकांत पाटनवा और आनंदराव को भी इस महाघोटाले में जांच के दायरे में लिया गया है। कमलकांत भी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से संबंधित हैं और सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन रहने के बाद सीधे सीजीएमएससी में प्रतिनियुक्ति पर पहुंचे थे।

### रायपुर के कारोबारियों .....

सीज किए हैं। इसके साथ ही डेढ़ करोड़ रुपए की ज्वेलरी को सीज किया है। चावल कारोबारियों के यहां से करोड़ों की बेनामी संपत्ति मिलने की जानकारी सूत्रों ने दी है। बेनामी संपत्ति कितने की है, आयकर अफसर इस बात की जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक आयकर अफसरों को चावल कारोबारियों के यहां बड़े पैमाने पर कच्चे में लेन-देन की जानकारी मिली थी, लेकिन उन्हें अंदाजा नहीं था की चावल कारोबारियों ने इतने बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की है। चावल कारोबारियों के यहां से अब तक 15 लॉकर मिलने की जानकारी सूत्रों ने दी है। छापे की कार्रवाई रविवार देर रात या सोमवार तक पूरी हो सकती है।

### बजट से पहले पीएम ....

और यह प्रार्थना भी की कि आगामी आम बजट के मद्देनजर देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्ग पर माता लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे। धार्मिक और सांप्रदायिक मतभेदों से मुक्त महिलाओं के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय बजट सत्र के दौरान लिए जाएंगे।

## मणिपुर में मजहब के नाम पर लोगों को उकसा रहा आतंकी पन्नू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर पांच साल के बैन को दिल्ली हाई कोर्ट के ट्रिब्यूनल ने मंजूरी दे दी है। इस संगठन पर गृह मंत्रालय ने बैन लगाया था। इसको ट्रिब्यूनल ने एकदम सही माना है। सुरक्षा एजेंसियों ने अपने नोट में बताया है कि एसएफजे मणिपुर में ईसाइयों, मुसलमानों और तमिलों को उकसाने में लगा है और अलगाववाद को बढ़ावा दे रहा है। एजेंसियों के तरफ से तैयार ये नोट केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से बुधवार को जारी 290 पेज के एक ट्रिब्यूनल आदेश का हिस्सा था। इस नोट में कहा गया है कि प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस ने आतंकवादी गतिविधियों की भी प्लानिंग की थी।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# 'मतदान के दौरान बनाई गई वीडियो क्लिप संरक्षित रखें'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग को दिए निर्देश में मतदान के दौरान की वीडियो क्लिप को



संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव नियमों पर हो रहे विवाद पर सुनवाई करते हुए कहा कि जब तक याचिकाओं का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक मतदान की वीडियो क्लिप संरक्षित रखी जाएं। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने इंदु प्रकाश सिंह की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। याचिका में चुनाव आयोग के उस नियम को चुनौती जिसमें हर विधानसभा में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200-1500 बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

### मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना

याचिकाकर्ता इंदु प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना है। यह किसी डाटा पर आधारित नहीं है। चुनाव आयोग के फैसले से आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आम तौर पर चुनाव 11 घंटे तक चलते हैं और वोट डालने में 60 से 90 सेकंड का समय लगता है, इसलिए एक ईवीएम के साथ एक मतदान केंद्र पर एक दिन में 660 से 490 लोग वोट डाल सकते हैं।

## पेज एक के शेष

### सत्ता जाते ही कांग्रेस...

लड़ने की तैयारी में है। शुक्रवार को नामांकन वापसी का दिन था। भाजपा प्रत्याशी दिनभर अन्य प्रत्याशियों से नामांकन वापस करवाने में जुटे रहे। एक प्रत्याशी रंजीत छाबड़ा को तो वे आटो रिक्शा में लेकर नगर निगम पहुंचे और उनसे नामांकन वापस लिवाया। इस दिन महापौर के 4 दावेदारों ने भाजपा के समर्थन में नामांकन वापस लिया है। अब मैदान में 8 प्रत्याशी शेष हैं, जिसमें से चार निर्दलीय प्रत्याशी हैं। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित किया गया। पार्षद प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होने के कारण नाम वापसी, चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया देर रात तक चलती रही।

### इधर, भिलाई के...

है कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर संभाग आयुक्त द्वारा मुझे पद से हटाया गया है। इस मामले को लेकर हाई कोर्ट ने स्थगन जारी किया था। इस स्थगन आदेश की कॉपी के साथ सलमान ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा जिस पर उपचुनाव स्थगन का आदेश जारी किया गया। हाल यह है कि जिला निर्वाचन आयोग ने भाजपा के चंदन यादव को पार्षद पद के निर्विरोध निर्वाचन का सर्टिफिकेट दे दिया है। इससे विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### बड़ी खबरः नक्सल लीडर...

सीमा तय की है। इस समय सीमा के हिसाब से सुरक्षाबल अपने काम को अंजाम भी दे रहे हैं। सुरक्षाबलों द्वारा लगातार छोटे-बड़े कैडर के नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया जा रहा है। इसे देखते हुए सेंट्रल कमेटी का नए सिरे से गठन किए जाने की खबर है।

### प्रेमिका से ब्रेकअप, युवक ने...

से पूर्व उसने मोबाईल से बात कि और फिर मोबाइल व जूते पास ही में रखकर कूद गया। जानकारी के मुताबिक नारायणपुर जिले के कन्हारगांव खासपारा निवासी भीम कुमार यादव 25 वर्ष दो दिन पूर्व अकेले ही नारायणपुर से जगदलपुर पहुंचा था। लोहण्डीगुड़ा थाना प्रभारी गणेश राम यादव ने बताया कि युवक के परिजनों को घटना की सूचना देने के बाद उन्हें बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया है।

### 13 को कुंभ में...

मंत्रिमंडल रामलला के दर्शन करने भी इसी तरह से गया था। प्रदेश में इस समय नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश की सरकार के मंत्री भी प्रदेश संगठन के साथ लगे हुए हैं। नाम वापसी के बाद अब जीत के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंकने की तैयारी की है। लगातार सम्मेलनों के साथ सभाएं भी होंगी। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही पूरा मंत्रिमंडल और विधायक भी लग रहेंगे। नगरीय निकाय चुनाव निपटने के बाद साय मंत्रिमंडल की कुंभ में स्नान करने जाने की योजना है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, सीएम से हम सबने आग्रह किया है। जैसे सीएम हम सबको लेकर अयोध्या राम लला दर्शन के लिए गए थे, वैसे ही महाकुंभ भी ले जाएंगे। साय मंत्रिमंडल के साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के भी जाने की संभावना है।

### वाहन चेकिंग के दौरान...

पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में 30 जनवरी को कंचनपुर बेरियर के पास वाहनों की चेकिंग के दौरान ओडिशा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की हुंडई वेन्यू कार क्रमांक सीजी 4 एनजेड 2277 को रोका गया। कार में पप्पू साहू पिता स्व. मंशाराम साहू उम्र 26 वर्ष निवासी विश्वकर्मा चौक साहू पारा वार्ड क्रमांक 14 मुजगहन सेजबहार थाना मुजगहन जिला रायपुर व रामरूचि पटेल पिता जगन्ननाथ पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी न्यू संतोषी नगर मुजगहन वार्ड क्रमांक 54 थाना मुजगहन जिला रायपुर बैठे थे। वाहन की जांच के बाद उनसे पूछताछ में वे पुलिस को गोलमोल जवाब देने लगे। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के पीछे डिक्की में एवं पीछे सीट में 22 नग नीला, काला, कत्था, हरे रंग के छोटे बड़े बैग एवं 1 सफारी कंपनी की अटैची के अंदर विभिन्न प्रकार के चांदी के आभूषण एवं 5 नग अलग-अलग साइज की चांदी की सिल्ली मिली।

### छत्तीसगढ़ को मिल सकता...

नाम दिल्ली भेजे गए थे। इन तीन नामों के पैनल में अरुणदेव गौतम, पवन देव और हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल किए गए थे। इस आधार पर ये माना जा रहा है कि इन तीनों में से कोई एक राज्य का नया डीजीपी होगा। इस बीच उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि पैनल में शामिल नामों में सबसे आगे अरुणदेव गौतम का है। श्री गौतम को नौकरशाही में एक तेजतर्रार तथा सौम्य अधिकारी माना जाता है।

**राजेश मिश्रा का कार्यकाल समाप्त :** भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और संविदा पर एफएसएल संचालक में सेवाएं दे रहे राजेश मिश्रा की संविदा नियुक्ति का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो गया है। इसके साथ ही वे इस पद से मुक्त हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रहे श्री मिश्रा एक समय डीजीपी पद के दावेदार थे, लेकिन उस समय उन्हें प्रमोशन नहीं मिला था।

### जुनेजा के एक्सटेंशन...

गया। इस तरह उन्हें दो बार एक्सटेंशन मिल चुका है। अब सूत्रों का कहना है कि उन्हें तीसरी बार संविदा नियुक्ति के रूप में एक्सटेंशन मिलने की संभावना नहीं है।

### कैट के कड़े पत्र...

ने यूपीएससी को पत्र लिखकर अपना नाम पैनल में जोड़ने का आग्रह किया था। इसी बीच कोर्ट ने भी उनके खिलाफ दर्ज मामले रद्द कर दिए। उस आधार पर जीपी सिंह ने फरियाद की। कैट ने माना कि जीपी को सभी तरह के विभागीय लाभ मिलने चाहिए। कैट ने छत्तीसगढ़ सरकार को कड़ा पत्र लिखा है। पत्र में जीपी सिंह की विभागीय पदोन्नति करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 3 फरवरी को सुनवाई की तारीख तय की गई है। सूत्रों के अनुसार कैट के पत्र के बाद जीपी को डीजी पद पर पदोन्नत करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। अगर ऐसा होता है तो हिमांशु गुप्ता की जगह जीपी सिंह का नाम डीजीपी के लिए भेजे गए नामों में शामिल किया जा सकता है।

## हाईवे पर भीषण हादसा

# कोहरे से कैंटर-पिकअप में टक्कर, नौ की मौत



एजेंसी ▶▶| फिरोजपुर

पंजाब के फिरोजपुर जिले के गुरुहरसहाय उपमंडल में कोहरे की वजह से एक पिकअप वैन ने कैंटर ट्रक को टक्कर मार दी जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वैन में 20 से अधिक लोग सवार थे। जिनमें से अधिकतर बैरा तौर पर काम करते थे और जलालाबाद में एक समारोह में शामिल होने जा जा रहे थे। यह दुर्घटना गुरुहरसहाय उपमंडल के गोलू का मोड़ गांव के पास हुई। उन्होंने बताया कि कम से कम नौ लोग घायल हो गए, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। फिरोजपुर की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौम्या मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद सड़क सुरक्षा बल की टीम मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया।

### कोहरे के कारण कम दृश्यता

पुलिस ने कहा कि हालांकि पहले कुछ खबरों में दावा किया गया था कि यह दुर्घटना कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण हुई होगी, लेकिन वे अब भी इसके पीछे के कारण की जांच कर रहे हैं। स्थिति जल्द स्पष्ट होगी। उपायुक्त दीपशिखा शर्मा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि कुछ अन्य को जलालाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




प्रगत संगणन विकास केन्द्र
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार

हमसे जुड़ें
हम भर्ती कर रहे हैं

**वैज्ञानिक और तकनीकी पद**
परियोजना सहयोगी (नवागत / अनुभवी)
परियोजना अभियंता (नवागत / अनुभवी)
परियोजना प्रबंधक / परियोजना वितरण प्रबंधक / प्रोग्राम प्रबंधक / ज्ञान सहभागी (नॉलेज पार्टनर)
(न्यूनतम 9 वर्षों का अनुभव)

वरिष्ठ परियोजना अभियंता /परियोजना नेतृत्वकर्ता / मॉड्यूल नेतृत्वकर्ता
(न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव)

**योग्यता**
1. बीई/बीटेक या समकक्ष डिग्री
2. विज्ञान / कंप्यूटर अनुप्रयोग या प्रासंगिक डोमेन में स्नातकोत्तर डिग्री/एमबीए
3. एम.ई./एम.टेक या समकक्ष डिग्री
4. पीएच.डी.

**गैर-तकनीकी पद**
परियोजना सहायता स्टाफ
परियोजना अधिकारी
(शैक्षिक योग्यता के आधार पर न्यूनतम 0 - 3 वर्ष का अनुभव)

**योग्यता**
1. कम से कम 50% अंकों के साथ स्नातक
2. पोस्ट ग्रेजुएट
3. सीए / एलएलएम/ सीएस
4. प्रासंगिक क्षेत्र में दो साल का एमबीए / प्रासंगिक क्षेत्र में स्नातकोत्तर पेशेवर योग्यता





**प्रतिभाओं की खोज रोमांचक और चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए**
भारत में विभिन्न स्थलों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2025 विस्तृत विज्ञापन और आवेदन करने के लिए www.cdac.in के CAREERS पृष्ठ पर जाएं।
ADVT No. CORP/JIT/01/2025 राष्ट्रीय उन्नति के लिए प्रौद्योगिकी उन्नति कार्पोरेट मानव संसाधन विकास
Cbc- 06132/12/0020/2425


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।


**कार्यालय टेम्पल एस्टेट, मांई दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा**
**जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा**
ईमेल-danteshwaritemple@gmail.com दूरभाषः- 8360601008
वेब साईट :- www.maadanteshwari.in

क्रमांक /32/मं.लि./फा.मं./2025 दंतेवाड़ा दिनांक 31/01/2025

-:: विज्ञापन ::-

मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में दिनांक 05.03.2025 से 15.03.2025 तक फागुन मंडई का आयोजन किया जाना है। जिसमें आवश्यक व्यवस्था के तहत निम्नांकित निविदा आमंत्रित है।

1. टेंट, लाईट डेकोरेशन एवं साउंड सिस्टम व्यवस्था।
2. प्रचार- प्रसार हेतु आमंत्रण कार्ड, पोस्टर, फ्लैक्स प्रिंटिंग।
3. खाद्यान्न सामग्री (चांवल, आलु, प्याज, लहसून, दाल, तेल, हल्दी, मिर्च, नमक, नारियल)।

उपरोक्त कार्यो के लिए निर्धारित प्रारूप में निविदा पत्र निर्धारित शर्तों के तहत कार्यालय टेम्पल एस्टेट दंतेवाड़ा से दिनांक 14/02/2025 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। उक्त निविदा दिनांक 15/02/2025 को समय प्रातः 11 बजे तक टेम्पल कार्यालय दंतेवाड़ा में जमा करना होगा। जिसे दिनांक 15/02/2025 को समय दोपहर 12 बजे समिति के समक्ष खोला जावेगा। जिसमें अंतिम निर्णय समिति के पास सुरक्षित होगा।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दंतेवाड़ा**
**एवं / सचिव, टेम्पल एस्टेट दन्तेवाड़ा**



**आरक्षक / चालक और आरक्षक / डीसीपीओ (अग्नि सेवा के लिए चालक) की भर्ती केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल 2024**

**ऑनलाइन आवेदन पत्रों को प्रस्तुत करने की तिथिः 03/02/2025 से 04/03/2025**
**अंतिम तिथिः 04/03/2025 (2359 बजे तक)**


केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में वेतन स्तर - 3, पे मेट्रिक्स (21,700-69,100 /- रुपये ) तथा साथ ही समय-समय पर केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सामान्य और स्वीकार्य भत्तों में आरक्षक / चालक और आरक्षक / चालक - सह - पंप - ऑपरेटर (अग्नि सेवाओं के लिए चालक) के निम्नलिखित अस्थायी पदों को भरने के लिए भारतीय पुरुष नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पद का नाम | श्रेणी | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग | कुल | भूतपूर्व सैनिक |
| | क | (ख) | (ग) | (घ) | (ड़) | (च) | (च) का 10% |
| आरक्षक / चालक - सीधी भर्ती | 344 | 126 | 63 | 228 | 84 | 845 | 85 |
| आरक्षक / (चालक-सह-पम्प ऑपरेटर ) (अर्थात अग्नि सेवाओं के लिए चालक) - सीधी भर्ती | 116 | 41 | 20 | 75 | 27 | 279 | 28 |
| **कुल** | **460** | **167** | **83** | **303** | **111** | **1124** | **113** |

अधिसूचना का पूर्ण विवरण आवेदक दिनांक 01 फरवरी 2025 के रोजगार समाचार में विज्ञापन / अधिसूचना के माध्यम से और के औसुब की वेबसाइट यानी https://cisfrectt.cisf.gov.in के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदकों से अनुरोध है कि पद के लिए आवेदन करने से पहले सभी जानकारी को ध्यान से पढ़ें और समझें।

CBC-19113/11/0009/2425


## शब्द पहेली - 5765



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5764 का हल



## सूडोकु नवताल - 5775

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5774 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGA...

## खबर संक्षेप

### पीएनबी का मुनाफा दोगुना होकर 4,508 करोड़ पहुंचा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दोगुना से ज्यादा होकर 4,508 करोड़ रुपये रहा है। पिछल वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 2,223 करोड़ रुपये रहा था। कुल आमदनी बढ़कर 34,752 करोड़ रुपये रही है।

### नेस्ले इंडिया का मुनाफा बढ़कर 688 करोड़ हुआ




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 4.94 प्रतिशत बढ़कर 688.01 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का शुद्ध लाभ 655.61 करोड़ रुपये रहा था। कुल खर्च दिसंबर तिमाही में 6.18 प्रतिशत बढ़कर 3,861.91 करोड़ रुपये रहा है।

### पराग मिल्क फूड्स का तिमाही मुनाफा छह प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 5.59 प्रतिशत बढ़कर 36.07 करोड़ रुपये रहा है। बिक्री बढ़ने से कंपनी का मुनाफा भी बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 34.16 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### वेदांता का मुनाफा दिसंबर तिमाही में 76 प्रतिशत बढ़ा





**नई दिल्ली।** खनन समूह वेदांता का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 76.2 प्रतिशत बढ़कर 3,547 करोड़ रुपये हो गया है। लाभ में यह बढ़ोतरी आय में वृद्धि के कारण हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,013 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में 9.5 प्रतिशत बढ़कर 39,795 करोड़ रुपये रही है।

### रुपया तीन पैसे बढ़कर 86.59 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरकर कारोबार के अंत में तीन पैसे की तेजी के साथ 86.59 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में तेजी से रुपये को जो समर्थन मिला, वह विदेशी कोषों की निकासी की वजह से जाता रहा।

### इस वर्ष में सोने के दाम गिरेंगे, चांदी होगी मजबूत



**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 में सोने की कीमतों में गिरावट आने की संभावना है, जबकि चांदी की कीमतों में उछाल आ सकता है। संसद में शुक्रवार को पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 मे यह बात कही गई है। अक्टूबर, 2024 के लिए विश्व बैंक के 'जिंस बाजार परिदृश्य' का हवाला देते हुए, आर्थिक समीक्षा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जिंसों की कीमतों में 2025 में 5.1 प्रतिशत और वर्ष 2026 में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

# आयकर कटौती से महंगाई तक : बजट 2025 से लोगों को ये हैं उम्मीदें...

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज1 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी। यह वित्त मंत्री के रूप में उनका लगातार 8वां बजट होगा।

यह बजट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और धीमी पड़ती घरेलू वृद्धि के बीच आ रहा है। महंगाई से परेशान लोगों को आयकर में कटौती के रूप में कुछ राहत मिलने और बेरोजगारों को रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद है। आइए जानते हैं कि इस बजट से देशवासियों की क्या-क्या उम्मीदें होंगी।

## महंगाई से लोगों को आयकर में कटौती के रूप में राहत मिलने की उम्मीद

### आयकर में छूट की सबसे बड़ी उम्मीद




आयकर का बोझ कम होना वेतनभोगी वर्ग की एक बड़ी उम्मीद है। निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोग लंबे समय से उम्मीद कर रहे हैं कि केंद्रीय बजट कुछ राहत लाएगा। ग्रांट थॉर्नटन भारत के बजट पूर्व सर्वेक्षण से पता चला है कि 57 प्रतिशत व्यक्तिगत करदाता बजट में आयकर में कटौती चाहते हैं। अधिकांश लोग 10 लाख तक की सालाना कमाई को टैक्स फ्री करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे होने से बड़ी राहत मिल सकेगी।

### मुद्रास्फीति और जीएसटी पर क्या है उम्मीद?




महंगी खाद्य वस्तुओं ने परिवारों को नुकसान पहुंचाया है, क्योंकि वेतन और मजदूरी बढ़ती मुद्रास्फीति के अनुरूप नहीं रही। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक का लक्ष्य मुद्रास्फीति को 2-6 प्रतिशत की सीमा के भीतर रखना है। सरकार वस्तु एवं सेवा कर के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर पाएगी, लेकिन खाद्य तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर और पेट्रोलियम उत्पादों पर करों को युक्तिसंगत बनाकर राहत दे सकती है।

### सभी के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने पर भी नजर



केंद्र सरकार का ध्यान सभी के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने पर है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, शहरी आवास की मांग को पूरा करने के लिए इस क्षेत्र को 2030 तक 2.5 करोड़ से अधिक किफायती आवास इकाइयों की आवश्यकता होगी। ऐसे में सरकार पहली बार घर खरीदने वालों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ उनके लिए होम लोन को और अधिक सुलभ बनाने के मामले में महत्वपूर्ण राहत दे सकती है।

### रोजगार के अवसर बढ़ाने पर होगा ध्यान

आम नागरिकों को भी उम्मीद होगी कि केंद्रीय बजट 2025 में रोजगार सृजन के लिए भी कुछ प्रावधान किए जाएंगे। कृषि के बाद रियल एस्टेट सेक्टर सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करता है, जो राष्ट्रीय रोजगार का 18 प्रतिशत है। इस क्षेत्र के 2047 तक 5.8 ट्रिलियन डॉलर (487 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचने का अनुमान है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 15.5 प्रतिशत का योगदान देगा। ऐसे में सरकार इस क्षेत्र में प्रयास कर सकती है।

## 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 में जीडीपी ग्रोथ 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान

# विकसित भारत का लक्ष्य पाने निजी निवेश बढ़ाने की जरूरत: आर्थिक समीक्षा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आज 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना लगातार 8वां बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में इकनॉमिक सर्वे पेश कर दिया है। इसके अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 यानी, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 में जीडीपी ग्रोथ 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान है।

वहीं 2024-25 के लिए जीएसटी कलेक्शन 11% बढ़कर 10.62 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। साल 2047 तक भारत तभी विकसित भारत बन पाएगा जब तक लगभग एक या दो दशक तक स्थिर महंगाई पर औसतन 8 प्रतिशत की ग्रोथ हो। वित्त मंत्रालय के विभाग इकोनॉमिक अफेयर्स के तहत एक इकोनॉमिक डिवीजन है। यही इकोनॉमिक डिवीजन चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर यानी सीईए की देख-रेख में इकनॉमिक सर्वे तैयार करती है। अभी चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ. वी अनंत नागेश्वरन के जिम्मे यह काम है।

### ग्रामीण मांग में मजबूती आने की संभावना

*इकनॉमिक सर्वे बता रहा है कि खेती में सुधार, फूड इन्फ्लेशन यानी खाने-पीने के सामानों की महंगाई में कमी और स्थिर आर्थिक माहौल के कारण ग्रामीण मांग में मजबूती आने की संभावना है। इससे आने वाले समय में विकास की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, इसने यह भी चेतावनी दी कि दुनिया में चल रहे कई देशों के बीच आपसी टेंशन, व्यापार अनिश्चितताएं और पोटेंशियल कमोडिटी प्राइस के झटके इकनॉमिक स्टेबिलिटी के लिए चुनौतियां पैदा कर सकते हैं।*

#### आरबीआई के अनुमान से काफी कम रही जीडीपी ग्रोथ

वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था वास्तविक रूप से 5.4% बढ़ी। यह आरबीआई के 7% के पूर्वानुमान से काफी कम है। इसी तरह, अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी ग्रोथ भी आरबीआई के अनुमान से धीमी रही।



#### आर्थिक वृद्धि की स्थिरता को लेकर चिंता

जनवरी में भारत की बिजनेस एक्टिविटी पिछले एक साल में सबसे धीमी गति से बढ़ी, जिससे इसकी आर्थिक वृद्धि की स्थिरता को लेकर चिंताएं हैं। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट पीएमआई दिसंबर में 59.2 से गिरकर 57.9 पर आ गया, जो सर्विस सेक्टर में कमजोर वृद्धि का संकेत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में इकनॉमिक सर्वे पेश कर दिया है। सबकी निगाहें ग्रोथ और मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर है।

#### विदेशों में काम करने वाले भारतीयों ने खूब पैसे भेजे

इकनॉमी सर्वे के अनुसार विदेशों में काम करने वाले भारतीयों ने देश में खूब पैसे भेजे। यह प्राइवेट ट्रांसफर का बड़ा हिस्सा बना, जो वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 28.1 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 31.9 अरब डॉलर हो गया।

#### कैसे पूरा होगा विकसित भारत का सपना

साल 2047 तक देश तभी विकसित भारत बन पाएगा जब तक लगभग एक या दो दशक तक स्थिर महंगाई पर औसतन 8 प्रतिशत की ग्रोथ हो। सर्वे में यह भी बात सामने आई है कि ग्लोबल आईपीओ लिस्टिंग में भारत की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 30% हो गई, जो 2023 में 17% थी। पिछले एक दशक में निफ्टी 50 ने 8.8% का सालाना चक्रवृद्धि रिटर्न दिया है। हालांकि, यह यूएस नैस्डैक (15.3%) और डॉऊ जोन्स (9.2%) जैसे इंडेक्स से पीछे है, लेकिन यह चीन के शंघाई कंपोजिट (3.2%) से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

#### जीडीपी ग्रोथ 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान

इकनॉमिक सर्वे के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 यानी, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 में जीडीपी ग्रोथ 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान है। वहीं 2024-25 के लिए जीएसटी कलेक्शन 11% बढ़कर 10.62 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है।

## होंडा 2028 तक भारत में स्थापित करेगी इलेक्ट्रिक बाइक फैक्ट्री



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जापानी दोपहिया वाहन निर्माता होंडा मोटर कंपनी भारत में 2028 तक एक इलेक्ट्रिक बाइक फैक्ट्री स्थापित करने की योजना बना रही है। मोटरसाइकिल और पावर प्रोडक्ट्स इलेक्ट्रिफिकेशन बिजनेस यूनिट के प्रमुख डाइकी मिहारा ने जापान में मीडिया को इसकी जानकारी दी है।

2030 तक कंपनी का वैश्विक स्तर पर 30 इलेक्ट्रिक मॉडल पेश करने और वार्षिक बिक्री 40 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यह प्लांट संभवतः बेंगलुरु के बाहरी इलाके नरसापुरा में मौजूदा कारखाने के अलावा कर्नाटक में बनाया जाएगा। यह फैक्ट्री भारतीय बाजार के अलावा इसे निर्यात की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी इस्तेमाल किया जाएगा।

### कंपनी इस तरह के मॉडल के साथ करेगी शुरुआत

भारत में बनने वाले प्लांट को लेकर डाइकी मिहारा ने कहा, हम 100cc बाइक की क्षमता के बराबर 4 किलोवाट बैटरी वाली कम्यूटर इलेक्ट्रिक बाइक से शुरुआत करेंगे। उन्हें निर्यात करना भी एक विकल्प है। उन्होंने आगे कहा, हम वहां मध्यम आकार की बाइक के समान इलेक्ट्रिक बाइक का उत्पादन कर भी सकते हैं। यह फैक्ट्री अलग-अलग मॉड्यूल को मिलाकर कई तरह के मॉडल तैयार करेगी। इसके अलावा बैटरी के लिए निर्माताओं के साथ काम कर रही है।

### 2030 तक इतनी इलेक्ट्रिक बाइक उतारेगी होंडा

2030 तक कंपनी का वैश्विक स्तर पर 30 इलेक्ट्रिक मॉडल पेश करने और वार्षिक बिक्री 40 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बाजार में देरी से प्रवेश करने के बावजूद होंडा ने भारत की नंबर एक इलेक्ट्रिक बाइक निर्माता बनने का लक्ष्य रखा है। डाइकी मिहारा ने कहा, हम नई ईवी पेश करने के लिए आईसीई प्रौद्योगिकी के माध्यम से विकसित की गई ताकत का लाभ उठाना जारी रखेंगे, जिसमें फिक्स्ड बैटरी वाले मॉडल भी शामिल हैं।

## बिजनेस साइट

### सिंघानिया बिल्डकॉन: हर्षित अरबन सिटी और हर्षित गोल्ड सिटी में 70% से ज्यादा प्लॉट बुक और सोल्ड





■ सिंघानिया बिल्डकॉन ने कहा 'धन्यवाद छत्तीसगढ़'

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड, सिंघानिया बिल्डकॉन ने हर्षित अरबन सिटी और हर्षित गोल्ड सिटी के प्लॉट मेला को शानदार रिस्पांस मिला है। इन दोनों प्रोजेक्ट्स में 70% से ज्यादा प्लॉट बुक और सोल्ड हो गए हैं। यह दोनों प्रोजेक्ट्स रायपुर में प्राइम लोकेशन पर स्थित हैं और रियल एस्टेट निवेशकों के लिए आकर्षक डेस्टिनेशन साबित हो रहे हैं।

सिंघानिया बिल्डकॉन के सीएमडी सुबोध सिंघानिया और एमडी हर्षित सिंघानिया ने 'धन्यवाद छत्तीसगढ़' टैगलाइन के साथ कहा कि सिंघानिया बिल्डकॉन का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों का विश्वास जीतना और उनके लिए शानदार प्रोजेक्ट्स विकसित करना है। कंपनी के कई प्रोजेक्ट्स पहले ही सफलता के साथ पूरे हो चुके हैं, जिनमें हजारों परिवार निवास कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सिंघानिया बिल्डकॉन राजधानी रायपुर में और भी शानदार प्रोजेक्ट्स लाने के लिए तैयार है। जो उच्च गुणवत्ता और आधुनिक सुविधाओं वाली होंगी।

हर्षित अरबन सिटी में 1000-3000 वर्गफुट के प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स किफायती कीमतों पर उपलब्ध हैं, जो रिंग रोड नं. 1, डी-मार्ट के पास स्थित हैं। वहीं, हर्षित गोल्ड सिटी विधानसभा रोड, नरदहा के पास स्थित है, जहां 600-1700 वर्गफुट के पूर्व विकसित प्लॉट्स 10.50 लाख रुपये की शुरुआती कीमत से उपलब्ध हैं।

## एल्सटॉम का रेलवे से अनुबंध, 1,285 करोड़ रुपए में बनाएगी 17 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



फ्रांस की प्रसिद्ध लोकोमोटिव कंपनी एल्सटॉम और भारतीय रेलवे के साथ एक अहम साझेदारी हुई है। इस साझेदारी के तहत, एल्सटॉम को 17 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट के लिए 1,285 करोड़ रुपये का ट्रैक्शन कंपोनेंट और इलेक्ट्रिक उपकरणों की आपूर्ति करनी है। यह उपकरण भारतीय रेलवे की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री को सप्लाई किए जाएंगे, जो इन उपकरणों का उपयोग वंदे भारत ट्रेनों में करेंगी। यह साझेदारी भारतीय रेलवे के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

*अनुबंध में रखरखाव सेवाएं भी हैं शामिल : एल्सटॉम को केवल उपकरणों की आपूर्ति ही नहीं, बल्कि 5 साल तक इन उपकरणों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी दी गई है। इसमें सुधारात्मक रखरखाव के अलावा कुछ सहायक सेवाएं भी शामिल हैं और ये सभी सेवाएं भारतीय रेलवे के डिपो में दी जाएंगी। इन वंदे भारत ट्रेनों को 180 किमी/घंटा की अधिकतम गति से चलाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे यात्री यात्रा के दौरान आरामदायक अनुभव कर सकेंगे।*

## यामाहा दो प्रमुख मॉडल के दाम 1.1 लाख तक घटाए




**नई दिल्ली।** इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने प्रमुख मॉडल - आर3 और एमटी-03 की कीमतों में 1.10 लाख रुपये तक कटौती की है। कंपनी ने बताया कि नई कीमतें एक फरवरी, 2025 से प्रभावी होंगी। कंपनी ने बयान में कहा कि यामाहा आर3 की कीमत 3,59,900 रुपये और एमटी-03 की कीमत 3,49,900 रुपये (दिल्ली शोरूम) होगी। इंडिया यामाहा मोटर ने कहा कि प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह कदम उठाया गया है। कंपनी ने कहा, "मूल्य बदलाव के साथ यामाहा ने किफायती प्रीमियम मोटरसाइकिलों की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है जो प्रदर्शन, डिजायन और नवाचार पर खरी उतरती हैं। इंडिया यामाहा मोटर ने कहा, "इस रणनीतिक कदम से भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल खंड में यामाहा की पकड़ और मजबूत होने तथा बाइक शौकीनों का एक बड़ा वर्ग आकर्षित होने की उम्मीद है।

### बजाज ऑटो पर लगा 10 करोड़ से अधिक का जीएसटी जुर्माना




**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उपकरण क्लस्टर के वर्गीकरण पर अलग-अलग जीएसटी से संबंधित मामले में कर प्राधिकरण ने उसपर 10 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना और ब्याज लगाया है। कंपनी ने कहा कि वह इसे कानूनी रूप से चुनौती देगी। बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि केंद्रीय माल एवं सेवा कर के संयुक्त आयुक्त, पुणे - II आयुक्तालय ने जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 की अवधि के लिए एचएसएन कोड 8708/8714 के तहत इंस्ट्रूमेंट्स क्लस्टर के वर्गीकरण की पुष्टि करते हुए एक आदेश पारित किया, जबकि कंपनी द्वारा 9029 का वर्गीकरण अपनाया गया था।

## भारत को 2030 तक 10 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता जोड़ने की जरूरत : सचिव

■ भारत में वर्तमान में करीब 20 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता है

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने शुक्रवार को कहा कि भारत को आयात पर निर्भरता से बचने के लिए 2030 तक इस्पात निर्माण क्षमता में 10 करोड़ टन की वृद्धि का लक्ष्य रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर इस्पात की मांग में गिरावट और क्षमता से अधिक उत्पादन ने घरेलू उद्योग को प्रभावित किया है। अधिकारी ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय राजधानी में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा कि एक प्राथमिकता अधिक क्षमता सृजित करना है। भारत में वर्तमान में करीब 20 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता है। चालू वित्त वर्ष में इसमें लगभग दो करोड़ टन की वृद्धि की गई है।



### इस्पात निर्माण क्षमता 30 करोड़ टन करने का लक्ष्य

पौंड्रिक ने 'इस्पात क्षेत्र के नजरिये से 2047 में भारत के विकसित बनने' के विषय पर आयोजित सत्र में कहा, "इसलिए हमें अगले छह वर्षों में 10 करोड़ टन क्षमता और जोड़नी होगी। अगर हम ऐसा नहीं करते हैं, तो हम मूल रूप से आयात पर निर्भर हो जाएंगे। राष्ट्रीय इस्पात नीति (एनएसपी) 2017 के अंतर्गत सरकार ने 2030 तक भारत की समग्र इस्पात विनिर्माण क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

### बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा में 37वें वार्षिक एथलेटिक मीट 2024-25 का आगाज



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा ने शुक्रवार को 37वें वार्षिक एथलेटिक मीट 2024-25 की शानदार शुरुआत की।

यह खेल उत्सव 2 फरवरी तक बी.आई.टी मेसरा स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें संस्थान के विभिन्न परिसरों से आए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह में डॉ. भास्कर करन, डीन ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स ने सभी का स्वागत किया। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि धाविका सरोज लकड़ा ने खिलाड़ियों को प्रेरित किया। बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने अपने भाषण में संस्थान की 70 वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र किया और खेलों के महत्व को उजागर किया। इस तीन दिन लंबे मीट में दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप, भाला फेंक, और बाधा दौड़ जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। इस आयोजन से विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर मिलेगा और खेल भावना को बढ़ावा मिलेगा।

## बैंकिंग, टैक्स, और वित्तीय बदलाव शामिल

# आज से बदलेंगे कई बड़े नियम, जेब पर पड़ेगा सीधा असर!

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जनवरी का महीना खत्म हो चुका और आज से फरवरी माह की शुरुआत होने के साथ ही कई अहम बदलाव होने जा रहे हैं। आज फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट पेश करेंगी, वहीं कुछ नियमों में बदलाव भी देखने को मिलेगा। ये बदलाव सीधे आम आदमी की जेब और रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करेंगे। इनमें एलपीजी सिलेंडर की कीमतों से लेकर यूपीआई और बैंकिंग नियमों तक कई अहम बदलाव शामिल हैं।

### एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव


हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा की जाती है। सरकारी तेल कंपनियां बाजार के अनुसार घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बदलाव करती हैं। जनवरी में कमर्शियल सिलेंडर की कीमतें घटी थीं, लेकिन 1 फरवरी को फिर से दाम बढ़ या घट सकते हैं। इससे घरेलू उपभोक्ताओं और व्यवसायों पर सीधा असर पड़ेगा।

### बैंकिंग नियमों में बदलाव




कोटक महिंद्रा बैंक अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग सेवाओं और शुल्क से जुड़े कुछ बदलाव करने जा रहा है। 1 फरवरी से लागू होने वाले इन बदलावों में फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन लिमिट और अन्य बैंकिंग सुविधाओं की फीस में संशोधन शामिल हो सकता है। ऐसे में जिनका खाता इस बैंक में है, उन्हें नए नियमों की जानकारी रखना जरूरी होगा।

### एयर टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में बदलाव



फ्लाइट से सफर करने वाले यात्रियों के लिए यह खबर महत्वपूर्ण है। हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एयर टर्बाइन फ्यूल की कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 फरवरी से इन कीमतों में बदलाव हो सकता है, जिसका असर विमान किराए पर पड़ सकता है। अगर ईंधन की कीमतें बढ़ती हैं, तो हवाई सफर महंगा हो सकता है।




### यूपीआई लेनदेन के नए नियम

यूपीआई ट्रांजेक्शन को लेकर भी 1 फरवरी से नए नियम लागू होने जा रहे हैं। एनपीसीआई नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने एक सर्कुलर जारी किया है, जिसमें कुछ यूपीआई लेनदेन को ब्लॉक करने की बात कही गई है। इसके अलावा, जिन यूपीआई आईडी में विशेष कैरेक्टर (स्पेशल कैरेक्टर्स) होंगे, उनसे ट्रांजैक्शन संभव नहीं होगा। डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल करने वालों को इस बदलाव से सतर्क रहना चाहिए।

# अंडर-19 टी20 विश्व कप : भारत ने फाइनल में बनाई जगह, अफ्रीका से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

स्पिनरों के उम्दा प्रदर्शन के बाद जी कमलिनी के अर्धशतक से गत चैंपियन भारत ने शुक्रवार को यहां एकतरफा सेमीफाइनल में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। भारत रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पहली बार आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## कमलिनी तूफान से मिली जीत



भारत ने बाएं हाथ की स्पिनरों पारुनिका सिसोदिया (तीन विकेट) और वैष्णवी शर्मा (तीन विकेट) की फिरकी के जादू से इंग्लैंड को आठ विकेट पर 113 रन पर रोक दिया और फिर सलामी बल्लेबाज जी त्रिशा (35 रन) और कमलिनी (नाबाद 56 रन) की पारियों की बदौलत 15 ओवर में एक विकेट पर 117 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## एकतरफा सेमीफाइनल में इंग्लैंड को नौ विकेट से रौंदा



## 60 रन की साझेदारी

त्रिशा ने आक्रामक शुरुआत की जिससे भारत ने पावर प्ले में बिना किसी नुकसान के 44 रन बनाए।कमलिनी को किस्मत का भी साथ मिला जब इंग्लैंड की कप्तान एबिगेल नोरग्रोव ने तेज गेंदबाज अमु सुरेनकुमार की गेंद पर उनका कैच टपका दिया। कमलिनी के साथ 60 रन की साझेदारी करने के बाद त्रिशा को बाएं हाथ की स्पिनर फोबे ब्रेट ने बोल्ड किया। कमलिनी ने इसके बाद सानिका चाल्के (नाबाद 11) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

## स्वीप और पैडल शॉट खेल इंग्लैंड की टीम हारी

इससे पहले इंग्लैंड की बल्लेबाजों ने लगातार स्वीप और पैडल शॉट खेलकर अपने विकेट गंवाए। ऐसे शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड होने वाली छह में से पांच बल्लेबाज शामिल थीं। इंग्लैंड ने चौथे ओवर तक बिना विकेट खोए 37 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। पारुनिका ने जेमिमा स्पेंस (09) को बोल्ड करके भारत को पहली सफलता दिलाई।



## एक ही जगह पर की गेंदबाजी

मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं पारुनिका ने कहा, 'मैंने एक ही जगह पर गेंदबाजी की और गेंद को अपना काम करने दिया। इससे मुझे मदद मिलती है। मुझे नई चीजों को आजमाने के लिए अपने सामने एक बल्लेबाज की जरूरत थी। फाइनल में खेलना हमारी इच्छा थी और हम सभी के लिए यही लक्ष्य है।'

## खबर संक्षेप



### सुपर किंग्स ने रॉयल्स को 7 विकेट से हराया

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला अर्धशतक उनकी टीम पार्ल रॉयल्स के काम नहीं आया जिसे यहां जोबर्ग सुपर किंग्स से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कार्तिक ने 39 गेंद पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 150 रन बनाए। सुपर किंग्स ने कप्तान फाफ डु प्लेसी की 55 गेंद पर 87 की तूफानी पारी की मदद से 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 151 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

### मार्श चैंपियंस ट्रॉफी औरआईपीएल से बाहर

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श पीठ में तकलीफ के कारण अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं और उनका इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना भी संदिग्ध है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में मार्श की चोट के बारे में जानकारी दी और कहा कि उन्हें 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया गया है। कुछ अन्य रिपोर्टों के अनुसार मार्श का आईपीएल में भी खेलना संदिग्ध है।

पांच मैचों की श्रृंखला में बनाई 3-1 की अजेय बढ़त

# भारत ने घर में जीती लगातार 17वीं टी20 सीरीज, इंग्लैंड को 15 रन से दी शिकस्त

एजेंसी:पुणे

हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड को चौथे टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 15 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने स्वदेश में पिछली 17 द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाएं नहीं गंवाई हैं। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 19.4 ओवर में 166 रन पर सिमट गई। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और हर्षित राणा ने तीन-तीन विकेट चटकाए।

हैरी ब्रूक (51) और सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (39) ने इंग्लैंड की जीत की उम्मीद जगाई थी लेकिन गेंदबाजों ने भारत को जोरदार वापसी दिलाई। भारत के लिए पंड्या ने 30 गेंद में चार छक्कों और इतने ही चौकों से 53 रन की पारी खेलने के अलावा दुबे (53 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की जिससे टीम 12 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद नौ विकेट पर 181 रन बनाने में सफल रही। मेजबान टीम ने अंतिम पांच ओवर में 68 रन जुटाए।



### भारत 6 साल से अजेय

भारतीय टीम पिछले छह सालों में अपने घरेलू मैदान पर कोई भी द्विपक्षीय टी20 सीरीज नहीं हारी है। उसकी आखिरी हार फरवरी 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ थी। तब से 17 श्रृंखलाओं में, भारत ने 15 जीते और दो ड्रॉ रहे।





### राणा का अनोखा टी20 डेब्यू

भारत की पारी के अंतिम ओवर में शिवम दुबे के हेलमेट पर गेंद लगने के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा को उनकी जगह कनकशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर शामिल किया गया। दुबे (53 रन) को भारतीय पारी के अंतिम ओवर में जेमी ओवरटन की पांचवीं गेंद हेलमेट पर लगी। अनिवार्य कनकशन परीक्षण के बाद दुबे को खेलने की अनुमति दे दी गई। हालांकि पारी की अंतिम गेंद पर वह रन आउट हो गए। इस तरह राणा का टी20 इंटरनेशनल डेब्यू हुआ। कन्कशन सब्स्टीट्यूट राणा ने अपने प्रदर्शन से इम्पैक्ट छोड़ा। उन्होंने 4 ओवर गेंदबाजी की और 8.20 की इकॉनमी से 33 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का कार्स बो महमूद | 01 | 03 | 0 | 0 |
| अभिषेक का बेथेल बो राशिद | 29 | 19 | 4 | 1 |
| तिलक का आर्चर बो महमूद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार का कार्स बो महमूद | 00 | 04 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह का राशिद बो कार्स | 30 | 26 | 4 | 1 |
| शिवम दुबे रन आउट | 53 | 34 | 7 | 2 |
| पंड्या का बटलर बो ओवरटन | 53 | 30 | 4 | 4 |
| अक्षर का बेथेल बो ओवरटन | 05 | 04 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 10, कुल : 20 ओवर में 181/9

**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-37-0, महमूद 4-1-35-3, कार्स 4-0-39-1, ओवरटन 4-0-32-2, राशिद 4-0-35-1.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो अक्षर | 23 | 21 | 4 | 0 |
| डकेट का सूर्यकुमार बो बिश्नोई | 39 | 19 | 7 | 1 |
| बटलर का स्था. बो बिश्नोई | 02 | 03 | 0 | 0 |
| ब्रूक का अर्शदीप बो चक्रवर्ती | 51 | 26 | 5 | 2 |
| लियाम का सैमसन बो राणा | 09 | 13 | 0 | 0 |
| बेथेल का सूर्यकुमार बो राणा | 06 | 09 | 0 | 0 |
| कार्स का रिंकू बो चक्रवर्ती | 00 | 02 | 0 | 0 |
| जेमी ओवरटन बो राणा | 19 | 15 | 1 | 1 |
| जोफ्रा आर्चर बो बिश्नोई | 00 | 02 | 0 | 0 |
| आदिल राशिद नाबाद | 10 | 06 | 0 | 1 |
| महमूद का अक्षर बो अर्शदीप | 01 | 02 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 06, कुल :19.4 ओवर में 166/10

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 3.4-0-35-1, पंड्या 1-0-11-0, चक्रवर्ती 4-0-28-2, अक्षर 3-0-26-1, बिश्नोई 4-0-28-3, राणा 4-0-33-3.

### दुबे प्लेयर ऑफ द मैच

भारत की प्लेइंग 11 में तीन बदलाव किए गए। वॉशिंगटन सुंदर की जगह शिवम दुबे को जगह दी गई। दुबे ने 155.88 की स्ट्राइक रेट से 34 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। जोस बटलर के थ्रो पर दुबे रन आउट हुए। दुबे को तूफानी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

तेंदुलकर को लाइफटाइम पुरस्कार

# बुमराह-मंधाना बीसीसीआई के 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर'

## भारतीय क्रिकेट बोर्ड का पुरस्कार समारोह आज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

करिश्माई तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पुरुष वर्ग में 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पॉली उमरीगर पुरस्कार के लिए चुना गया जबकि स्मृति मंधाना ने महिला वर्ग में यह पुरस्कार जीता जो शनिवार को बोर्ड के वार्षिक पुरस्कार समारोह के दौरान दिए जाएंगे। बुमराह को 2024 में कौशल, सटीकता और निरंतरता के साथ शानदार प्रदर्शन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का टेस्ट और ओवरऑल साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने पिछले साल भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखलाओं में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह 31 वर्षीय तेज गेंदबाज बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के





खिलाफ श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहा और उन्होंने पांच टेस्ट मैच में 32 विकेट चटकाए। आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर मंधाना ने 2024 में 743 रन बनाए।

### बीसीसीआई पुरस्कार

| | |
|---|---|
| रविचंद्रन अश्विन | विशेष पुरस्कार |
| सरफराज खान | सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण |
| आशा शोभना | सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण |
| स्मृति मंधाना | एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय पदक |
| दीप्ति शर्मा | एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय पदक |
| तनुष कोटियान | घरेलू टूर्नामेंट ट्रॉफी |
| मुंबई क्रिकेट संघ | घरेलू टूर्नामेंट ट्रॉफी |
| अक्षय टोटरे | घरेलू सर्वश्रेष्ठ अंपायर |
| सचिन तेंदुलकर | लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार |



# बिंद्यारानी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

38वां राष्ट्रीय खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देहरादून

मणिपुर की स्टार भारोत्तोलक एस बिंद्यारानी देवी ने राष्ट्रीय खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शुक्रवार को यहां महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग के स्नैच में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंद्यारानी ने स्नैच में अपने अंतिम प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाकर मीराबाई चानू का 86 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा। मीराबाई का पसंदीदा वजन वर्ग हालांकि 49 किग्रा है और उन्होंने कुछ समय के लिए 55 किग्रा में भाग लिया था।



बिंद्यारानी का दबदबा क्लीन एवं जर्क में भी जारी रहा, जहां उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में 113 किग्रा वजन उठाकर वापसी की। इस तरह से उन्होंने कुल 201 किग्रा वजन उठाया जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड 202 किग्रा से सिर्फ एक किलोग्राम कम है। बिंद्यारानी के नाम पर अब महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में तीनों राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्नैच, क्लीन एवं जर्क और कुल योग दर्ज हैं। बंगाल की शरबानी दास ने रजत पदक जबकि मणिपुर की नीलम देवी ने कांस्य पदक जीता। इस तरह से मणिपुर इस स्पर्धा में दो पदक हासिल करने में सफल रहा।

## पार्थ माने ने सोने पर साधा निशाना

विश्व जूनियर चैंपियन पार्थ माने ने शुक्रवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में महाराष्ट्र के अपने साथी रुद्राक्ष पाटिल को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। सेना के किरण जाधव ने कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र के 17 वर्षीय निशानेबाज माने ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक सीरीज को छोड़कर हर सीरीज में बढ़त बनाए रखी। माने ने कुल 252.6 अंक बनाए, जो पिछले साल पेरिस ओलंपिक में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले निशानेबाज के प्रदर्शन से 0.4 अंक बेहतर है। पाटिल ने अपने अंतिम चार शॉट में 42.2 अंक बनाए लेकिन माने ने 42.4 अंक बनाकर उन्हें करारा जवाब दिया और अपने नाम पर स्वर्ण पदक पक्का किया।

## वुशु में पार्थ ने छत्तीसगढ़ को दिलाया कांस्य पदक...



**देहरादून।** 38 वे राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ का लगातार चौथे दिन प्रदर्शन अच्छा रहा। शुक्रवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित वुशू खेल में छत्तीसगढ़ के डी. पार्थ ने ताऊ लू जियानशू इवेंट में 8. 90 पॉइंट प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ अब तक कुल 04 स्वर्ण एवं 04 कांस्य पदक जीत चुका है।




## 13 साल बाद वापसी में सिर्फ 15 गेंद चले कोहली

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की रणजी ट्रॉफी में 13 साल बाद वापसी पर खेली गई पारी केवल 15 गेंद तक चली। इससे रन बनाने के लिए उनका संघर्ष भी जारी रहा और उनकी फॉर्म को लेकर बहस फिर से शुरू हो गई। कोहली को खेलते हुए देखने के लिए यहां अरुण जेटली स्टेडियम में लगभग 5000 दर्शक पहुंचे हुए थे लेकिन रेलवे के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने दिल्ली की पहली पारी के 28वें ओवर में जैसे ही इस स्टार बल्लेबाज का ऑफ स्टंप उखाड़ा, अधिकतर दर्शक स्टेडियम छोड़कर चले गए। कोहली जब बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे तो दर्शक 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के नारे लगाने लगे लेकिन उनके आउट होते ही स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया। कोहली केवल छह रन ही बना पाए। उन्होंने नवंबर 2012 के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करने से पहले भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ की निगरानी में अभ्यास किया था।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती


नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/29 | | | |
| 1. | मुख्य अधिकारी (सुरक्षा) | 01 | संविदा |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/27 | | | |
| 1. | प्रबंधक (डेटा वैज्ञानिक) | 12 | नियमित |
| 2. | उप प्रबंधक (डेटा वैज्ञानिक) | 28 | |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 01.02.2025 से 24.02.2025 तक.**


स्थान: मुंबई
दिनांक: 01.02.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)






# चीनी वैज्ञानिकों ने किया चमत्कार, बिना मां के सिर्फ दो पिताओं से पैदा किए बच्चे

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने भ्रूण स्टेम सेल इंजीनियरिंग का इस्तेमाल करके दो पिताओं वाले चूहे बनाए हैं। ये चूहे अब अपनी वयस्क उम्र तक जिंदा रहने में कामयाब रहे हैं। चीनी वैज्ञानिकों की इस कामयाबी से दुनिया के सामने भ्रूण की विकास क्षमता को बढ़ाने का एक संभावित तरीका भी सामने आया है। वैज्ञानिकों ने दो दशक पहले दो मादा माता-पिता वाले चूहे सफलतापूर्वक बनाए थे, लेकिन दो- दो नर माता-पिता के साथ यही उपलब्धि हासिल करना एक चुनौती साबित हुआ है। गुआंगजौ में सन यात-सेन विश्वविद्यालय के सह-लेखक और प्रोफेसर लुओ गुआनझेंग ने एक जर्नल प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'ये निष्कर्ष इस बात के पुख्ता सबूत देते हैं कि स्तनधारियों के एकलिंगी प्रजनन में मुख्य बाधा इंप्रिंटिंग असामान्यताएं हैं।' लुओ ने कहा, 'यह दृष्टिकोण भ्रूण स्टेम कोशिकाओं और क्लोन किए गए जानवरों के विकासात्मक परिणामों में उल्लेखनीय रूप से सुधार कर सकता है, जो रिजेनरेटिव दवाइयों को और ज्यादा प्रभावी और उन्नत बनाने के लिए रास्ता खोल सकता है।' कुछ जानवर जैसे छिपकलियों की कुछ प्रजातियां अलैंगिक प्रजनन के माध्यम से संतान पैदा कर सकती हैं, लेकिन स्तनधारियों में यह स्वाभाविक रूप से कभी नहीं देखा गया है। जब वैज्ञानिकों ने दशकों पहले कृत्रिम रूप से इसे हासिल करने का प्रयास करना शुरू किया, तो वे द्वि-मातृ भ्रूण बनाने में सफल रहे, लेकिन गर्भाशय में प्रत्यारोपित होने के बाद वे मर जाते थे। अंततः यह पता चला कि इंप्रिंटेड जीन ही समस्या थे।





## टारगेटेड जेनेटिक इंजीनियरिंग का किया इस्तेमाल

नवीनतम सफलता इंप्रिंटेड जीन की टारगेटेड जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से संभव हुआ है। वे जीन आमतौर पर माता या पिता में से केवल एक कॉपी से व्यक्त होते हैं, जबकि दूसरी क्रपी को साइलेंट करा दिया जाता है। चीनी अकादमी ऑफ साइंसेज के वैज्ञानिकों के नेतृत्व वाली टीम ने मंगलवार को पीर-रिव्यूड जर्नल सेल स्टेम सेल में प्रकाशित एक पेपर में लिखा, 'हम दिखाते हैं कि 20 इंप्रिंटेड जीन को ठीक करने से व्यवहार्य द्वि-पैतृक चूहों का विकास संभव हो जाता है।'

# सांपों ने की अजीब हरकतें, फिर खुला 700 साल पुराना रहस्य! दिव्यशक्ति देने लगी दिखाई

एजेंसी ▶▶| मंगलुरु

तुलु नाडु की मिट्टी की महिमा ऐसी है कि यहां के देवताओं द्वारा किए गए चमत्कारों का मनुष्यों के पास कोई जवाब नहीं है। इतने सारे चमत्कार हुए हैं कि विज्ञान भी उन्हें समझ नहीं सकता। जो लोग देवताओं की खोज में निकले हैं, वे सचमुच हैरान है। अब मंगलुरु के बाहरी इलाके पेडामाले में एक ऐसा ही वाकया हुआ है। लगभग 300 साल पहले मिट्टी में दबी एक दिव्य शक्ति अब दिखाई देने लगी है। हाल ही में मंगलुरु के पेडामाले गांव में दर्जनों समस्याएं सामने आ रही थीं। गांव में जहां भी जाते, एक सांप दिखाई देता।



आखिरकार, हर घर में सांप दिखने लगा। इसलिए, इस सांप की हरकतें पूरे गांव के लिए एक बड़ी यक्ष प्रश्न बन गई थीं। रास्ता न मिलने पर गांव वालों ने सवाल उठाना और सोचना शुरू किया। उन्हें तुरंत यह सुराग मिला कि सांप की उपस्थिति है। वाजिलादाई मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीधर शेट्टी ने कहा कि थोड़ी सफाई करते समय, सभी ने देखा कि वाजिलादाई मंदिर का पत्थर रुक गया था।

## मंदिर का मिला पत्थर


कहा जाता है कि यहां लगभग 700 साल पहले एक मंदिर बनाया गया था, लेकिन तब इसके साथ क्या हुआ, यह पता नहीं है। लगभग 300 साल पहले, नागदेवस्थान जमीन के नीचे चला गया। बाद की पीढ़ियों के लिए यहां मंदिर का कोई निशान नहीं था, लेकिन अब वही भगवान दिख रहे हैं। इस प्रकार, नागब की खुदाई करते समय मंदिर का पत्थर मिला। इसे जांचने वाले पुरातत्वविदों ने कहा कि यह 700 साल पुराना पत्थर है। इसलिए, गांव वाले एक साथ मिलकर एक विशाल मंदिर बना रहे हैं।

## भावनात्मक एकता एक बड़ी बात है

गांव वालों ने खुद मंदिर के निर्माण के लिए जमीन दी और ईसाई समुदाय के एक व्यापारी ने सड़क बनाने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने लाखों रुपए भी दान किए। इसके माध्यम से, उन्होंने भावनात्मक एकता का एक बड़ा काम किया है। मंदिर को दान देने वाले मिनेयास ने कहा कि मैंने जितना हो सका, उतना दान दिया है। मंदिर का निर्माण चल रहा है। हम भविष्य में भी ऐसा करते रहेंगे। मंदिर का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है और ब्रह्म कलश का निर्माण 18 फरवरी को किया जाएगा। संक्षेप में, चाहे विज्ञान कितना भी आगे बढ़ जाए, यह बार-बार साबित हो रहा है कि मनुष्य भगवान और देवताओं के सामने कुछ भी नहीं है।

# अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने स्पेसवॉक का बनाया रेकॉर्ड

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन में पिछले 8 महीनों से फंसी सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को वापस लाने के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं। इस बीच दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने दुनिया को हैरान करते हुए एक नया रेकॉर्ड कायम किया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा है, दोनों अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने गुरुवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में 5.5 घंटे की स्पेसवॉक की है, जो एक नया रेकॉर्ड है। आपको जानकर हैरानी होगी, कि यह सुनीता विलियम्स का नौवां स्पेसवॉक था, जबकि विल्मोर का ये पांचवां स्पेसवॉक था। सुनीता विलियम्स के नाम अब कुल 62 घंटे और 6 मिनट तक स्पेसवॉक करने का नया रेकॉर्ड शामिल हुआ है, जो नासा की तरफ से अभी तक जितने भी अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसवॉक किया है, उसमें चौथा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा है कि सुनीता विलियम्स और विल्मोर ने स्पेस में रहने के अपने प्राथमिक मकसदों को हासिल कर लिया है, जिनमें स्टेशन के ट्रस से रेडियो फ्रीक्वेंसी समूह एंटीना असेंबली को हटाना और डेस्टिनी प्रयोगशाला और क्वेस्ट एयरलॉक से विश्लेषण के लिए सतह सामग्री के नमूने एकत्र करना शामिल है।




## अंतरिक्ष में कैसे फंसी सुनीता विलियम्स?

जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट पर सवार होकर सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान दोनों को सिर्फ आठ दिनों तक ही स्पेस स्टेशन के ऑर्बिट प्रयोगशाला में रहना था, लेकिन स्पेसक्राफ्ट खराब हो गया और दोनों वहीं फंस गये। जिसके बाद नासा ने पिछले साल अगस्त में घोषणा की थी, कि स्पेसएक्स का स्पेसक्राफ्ट अब दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर लेकर आएगा। लेकिन, स्पेसएक्स ने इस बीच एक नये अंतरिक्ष यान को तैयार करने की बात कही, जिसकी वजह से दोनों को अंतरिक्ष पर ही रहना पड़ा।

## जल्द होगी अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी

इस बीच अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है, कि स्पेसएक्स 'जल्द ही' दोनों अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने के लिए एक नया मिशन शुरू करेगा। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, अंतरिक्ष यात्रियों को मार्च के अंत में क्रू 9 मिशन से वापस लाया जाएगा।

## 5.5 घंटे की स्पेसवॉक की है

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है, कि 'नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने गुरुवार पूर्व अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन के 60 घंटे और 21 मिनट के अंतरिक्ष में चहलकदमी के कुल समय को पार कर लिया है। सुनीता अभी भी अंतरिक्ष के वैक्यूम में रेडियो कम्युनिकेशन हार्डवेयर को हटा रही हैं।' वहीं, नासा ने बुधवार को कहा था, कि वह अरबपति कारोबारी एलन मस्क की स्पेस एजेंसी स्पेसएक्स के साथ मिलकर दोनों अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को सुरक्षित धरती पर वापस लाने के लिए काम कर रहा है। ये दोनों पिछले साल जून से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं। नासा ने कहा है कि दोनों को 'जितनी जल्दी हो सके'वापस घर लाया जाएगा। वहीं, एलन मस्क ने दोनों अंतरिक्ष यात्रियों के स्पेस फंसे होने को लेकर जो बाइडेन को जिम्मेदार ठहराया है।

# गोमूत्र ने कोरोना से बचाई जान! गाय के जन्मदिन की रखी पार्टी

एजेंस ▶▶| नासिक



हिंदू धर्म में गाय को माता के रूप में पूजा जाता है।गाय माता की पूजा तो हम सब बचपन से करते आए हैं, लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि किसी ने अपनी गाय का जन्मदिन ऐसे मनाया हो, जैसे घर में कोई शादी-ब्याह हो? नासिक के एक शख्स ने अपनी गाय का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया है।करीब 4 हजार लोगों ने इस अनोखे जन्मदिन समारोह में हिस्सा लिया। सिन्नर तालुका के शिंदे पडसे गांव के रामेश्वर सदगीर ने हर साल की तरह इस बार भी गाय का जन्मदिन मनाया और इसकी चर्चा हर जगह हो रही है। सोशल मीडिया पर भी इस वीडियो को खूब देखा जा रहा है। बता दें कि रामेश्वर को बचपन से ही गो सेवा कर रहे हैं। 29 जनवरी 2016 को उन्होंने जोधपुर से एक गिर गाय अपने घर लाई और उसका नाम गीता रखा। रोजाना सदगीर परिवार इस गाय की सेवा करता है। गीता के 7 साल पूरे होने पर उन्होंने उसका जन्मदिन मनाया। उनका कहना है कि इससे दूसरों को भी गाय का महत्व समझ में आएगा और गाय की देखभाल की जाएगी।

## कोरोना के समय गोमूत्र का लाभ

सदगीर ने बताया कि देश में कोरोना आया तो मुझे भी कोरोना हो गया था। हर जगह ऑक्सीजन की कमी थी, लेकिन, आज मैं गीता की वजह से जिंदा हूं। मैं रोज गोमूत्र पीता था। इससे गाय ने मुझे जीवनदान दिया। हिंदू धर्म में गाय का महत्व है। शास्त्र में भी गाय को महत्वपूर्ण माना गया है। इसलिए गोमूत्र पीने से मैं कोरोना जैसी बीमारी से ठीक हो गया। यह सब गीता की वजह से संभव हुआ। इसलिए मैं उसका बड़ा जन्मदिन मना रहा हूं।




## कोर्ट ने कहा- सरकार को बिना नोटिस हटाने का अधिकार

# हाईकोर्ट ने अजा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की बर्खास्तगी को सही माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की बर्खास्तगी को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि सरकार की इच्छा के अधीन नियुक्त व्यक्तियों को किसी भी समय बिना नोटिस, कारण या सुनवाई के हटाया जा सकता है। जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की सिंगल बेंच ने अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला जारी किया है।

याचिकाकर्ताओं ने राज्य में नई सरकार द्वारा अपनी बर्खास्तगी को चुनौती देते हुए अर्जी दाखिल की थी, जिसे खारिज कर दिया गया है।

इस मामले में चार याचिकाकर्ता भानु प्रताप सिंह (अध्यक्ष), गणेश ध्रुव, अमृत लाल टोप्पो और अर्चना



पोर्टे (सदस्य)—शामिल थे। इन्हें 16 जुलाई 2021 को पिछली सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग में नियुक्त किया था। ये नियुक्तियां छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2020 की धारा 3 के तहत हुई थी, जिसमें कहा गया है कि अध्यक्ष और सदस्य "राज्य सरकार की इच्छा के अधीन" पद पर रहेंगे। हालांकि, 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद नई सरकार ने 15 दिसंबर 2023 को एक आदेश जारी कर राजनीतिक नियुक्तियों को हटाने का निर्देश दिया। इसी आदेश के तहत याचिकाकर्ताओं को भी उसी दिन बिना कोई नोटिस या सुनवाई के उनके पद से हटा दिया गया। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई थी। याचिका में पद से हटाए जाने को असंवैधानिक व राजनीतिक बताया गया था।

## पद पर बने रहने का संवैधानिक अधिकार नहीं

दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति पिछली सरकार की इच्छा पर हुई थी, और उनकी विचारधारा वर्तमान सरकार की नीतियों के अनुरूप नहीं है, इसलिए उनकी बर्खास्तगी को उनके कार्य या चरित्र पर कलंक नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि नामित सदस्य को पद पर बने रहने का कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। यदि नियुक्ति नामांकन द्वारा हुई है, तो सरकार को अधिकार है कि वह ऐसी नियुक्ति को अपनी इच्छा पर समाप्त कर सके। हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दी और याचिकाकर्ताओं की बर्खास्तगी को वैध ठहराया। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार की इच्छा के अधीन पदाधिकारी को किसी भी समय, बिना नोटिस, बिना किसी कारण, और बिना किसी कारण की आवश्यकता के हटाया जा सकता है।

### हरिभूमि माह जनवरी 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 30 दिन | 5.00 | 150.00 |
| | कुल | 150.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जनवरी 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

# गणतंत्र दिवस पर अश्लील शायरी शिक्षक और प्राचार्य निलंबित

**बिलासपुर।** मुंगेली जिले के लोरमी ब्लॉक के सरकारी स्कूल में गणतंत्र दिवस के मौके पर बच्चों और शिक्षकों के सामने अश्लील शायरी प्रस्तुत करने वाले व्याख्याता को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही मामले में कार्रवाई नहीं करने पर प्राचार्य महेशी राम साहू को भी निलंबित किया गया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि मुंगेली जिले के लोरमी ब्लॉक स्थित ठा. रामसिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रामहेपुर में आर्ट्स के व्याख्याता स्वारथ लाल जायसवाल ने गणतंत्र दिवस के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान खुलेआम अश्लील शायरी की। इस दौरान उन्होंने मंच संचालन के नाम पर अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया, जो स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं, नागरिकों और अन्य शिक्षकों के सामने हुआ। घटना के वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि शिक्षक ने कई बार अश्लील शायरी के अंदाज में बातें की।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com